(हिन्दी दैनिक)

# न्यूज गाइड

आपका देश आपकी बात...



वर्ष : 14, अंक : 89 पृष्ठ : 8 | www.newsguide.in | Email: newsguidelko@gmail.com | लखनऊ, मंगलवार, 17 जनवरी 2023 | मूल्य : 1.50

भारत जोड़ो यात्रा के बाद अब कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान .... 3 बाढ़ खाये खेत ....4 बड़े टूर्नामेंटों में पिछड़ रहा भारत : उथप्पा ...7

# दुनिया देख रही है बदलते भारत की ताकत : योगी



## दुनिया में किसी देश की ताकत उसकी अर्थव्यवस्था से होती है : मुख्यमंत्री'

संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया में किसी देश की ताकत उसकी अर्थव्यवस्था से होती है। आज भारत पूरी दुनिया में तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था है। विगत आठ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो प्रयास व निर्णय हुए हैं, उससे नए भारत की ताकत को पूरी दुनिया देख रही है। लिहाजा भारत के प्रति पूरे विश्व की धारणा बदली है। भारत दुनिया का नेतृत्व कर सकता है, यह सबको दिखाई दे रहा है। सीएम योगी सोमवार को मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति की ओर से आयोजित बदलता परिदृश्य और पत्रकारिता विषय पर आयोजित संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बदले परिदृश्य में जो प्रयास हुए हैं, उसका परिणाम सामने है। भारत ब्रिटेन को पछाड़कर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। अपना देश दुनिया के उन महत्वपूर्ण 20 देशों (जी-20) का नेतृत्व कर रहा है जो दुनिया की 85 प्रतिशत जीडीपी, 75 प्रतिशत व्यापार, 60 प्रतिशत आबादी व 90 प्रतिशत पेटेंट पर आधिपत्य रखते हैं। जी-20 का नेतृत्व देश के लिए एक अवसर है उत्तर प्रदेश में भी इससे जुड़े 11 आयोजन होने हैं। योगी ने कहा कि जो लोग देश को जाति, धर्म, वर्ग, भाषा क्षेत्र आदि के आधार पर बांटना चाहते थे वह फे ल हो गए हैं। आज भारत आगे बढ़ता है तो देश के 140 करोड लोगों की ताकत दिखती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के कोविड प्रबंधन ने पूरी दुनिया के सामने नागरिकों के अनुशासन व नेतृत्व के प्रति निष्ठा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। पीएम मोदी के नेतृत्व में 140 करोड़ की आबादी ताली बजाने, लॉकडाउन के पालन से जुड़ी। पहले जान है तो जहान है और फिर जान भी जहान भी के पीएम मोदी के मंत्र को अपनाया। कोरोना संक्रमित देश की आबादी के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश को लेकर लोगों के मन में शंकाएं थीं। ये सभी आशंकाएं निर्मूल साबित हुई ।उत्तर प्रदेश में न सिर्फ अपने राज्य के प्रवासी कामगारों, बल्कि अगल-बगल के राज्यों से यूपी आए लोगों के प्रति भी मानवीय संवेदना का भाव करते रखते हुए सेवा की। यह मानवीय पक्ष था और राष्ट्रीय कर्तव्य भी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश के विकास के लिए यह आवश्यक है कि उत्तर प्रदेश विकास की दौड़ में आगे रहे। बीते साढ़े पांच-छह सालों से बदलते उत्तर प्रदेश को आप सभी लोग देख रहे हैं। सरकार किसी विषय पर काफी चर्चा विमर्श और सभी पक्षों का ध्यान देते हुए ही कोई निर्णय लेती है। इसी का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश विकास के बदलते परिदृश्य में अपनी आभा बिखेर रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अकूत संभावनाओं का प्रदेश है। इस पर प्रकृति व परमात्मा की असीम कृपा है। तीन गुना उत्पादन देने वाली उर्वरा भूमि और सबसे अच्छा जल संसाधन हमारे पास है। यदि हम सकारात्मक सोच से इमानदारी पूर्वक प्रयास करेंगे तो उसके सकारात्मक परिणाम ही आएंगे। सीएम योगी ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में जुलाई से लेकर नवंबर तक का महीना भय पैदा करने वाला होता था। इंसेफलाइटिस के चलते 40 वर्षों में 50,000 बच्चों की मौतें हो गई। इलाज का एकमात्र केंद्र बीआरडी मेडिकल कॉलेज होने से सर्वाधिक मौतें गोरखपुर में होती थी। बीते 5 सालों में बेहतर प्रबंधन, समन्वय व टीमवर्क से इंसेफलाइटिस पर 95 फीसद तक नियंत्रण पा लिया गया है। अगले कुछ सालों में इस पर पूर्ण नियंत्रण प्राप्त कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इंसेफलाइटिस की वैक्सीन जापान में 1905 में ही बन गई लेकिन उसे भारत आने में 100 साल लग गए। जबकि नई बीमारी होने के बावजूद कोरोना के लिए दो सर्वश्रेष्ठ वैक्सीन मात्र नौ माह में तैयार कर ली गई। यह नेतृत्व के विजन व कार्यशैली का परिचायक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विगत पांच-छह सालों में उत्तर प्रदेश की उपलब्धियां पूरी दुनिया के लिए कौतूहल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पंजाब में भारत जोड़ो यात्रा का अंतिम पड़ाव

एजेंसी, जालंधर। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत सोमवार को काला बकरा गांव से हुई। भीषण ठंड के बावजूद यात्रा में शामिल बड़ी संख्या में लोगों का उत्साह नजर आया। पंजाब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वाड़िंग सहित कई कांग्रेस नेता श्री गांधी के साथ यात्रा में शामिल हुए ।यात्रा आज होशियारपुर जिले में प्रवेश करेगी और उड़मुड़ टांडा में रात के लिए रुकेगी। सात सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू हुआ यह मार्च 30 जनवरी को श्री गांधी द्वारा जम्मू कश्मीर की राजधानी में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ श्रीनगर में समाप्त होगा।

### उपराज्यपाल के खिलाफ आम आदमी पार्टी के सदस्यों का विधानसभा में हंगामा, बैठक पूरे दिन के लिए स्थगित

एजेंसी, नयी दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल के खिलाफ आम आदमी पार्टी के सदस्यों के हंगामे के बाद विधानसभा की बैठक सोमवार को पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गयी है। विधानसभा के तीन दिवसीय सत्र के पहले दिन सदन की कार्यवाही को बार-बार स्थगित करना पड़ा और बमुश्किल 10 मिनट की सदन चल सका। दिल्ली सरकार के कामकाज में सक्सेना के कथित हस्तक्षेप को लेकर आप और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सदस्यों के बीच वाकयुद्ध के बाद सदन को पहले 10 मिनट के लिए स्थगित किया गया। इससे पहले आप विधायक सौरभ भारद्वाज ने बच्चों की शिक्षा और शिक्षकों के प्रशिक्षण में अवैध और अवांछित बाधाओं और हस्तक्षेपों के मुद्दे पर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर चर्चा शुरू की थी।

### कोविड-19 केंद्र संबंधी अनियमितताओं के केस में बयान दर्ज करवाने ईडी कार्यालय पहुंचे बीएमसी आयुक्त इकबाल सिंह चहल

एजेंसी, मुंबई। बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) आयुक्त इकबाल सिंह चहल कोविड-19 देखभाल केंद्रों संबंधी अनुबंधों में कथित अनियमितताओं को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के सिलसिले में सोमवार को यहां जांच एजेंसी कार्यालय गए। ईडी ने इस मामले में चहल का बयान दर्ज करने के लिए उन्हें समन जारी किया था। चहल को पूर्वाह्न करीब 11 बजकर 40 मिनट पर दक्षिण मुंबई के बलार्ड एस्टेट स्थित निदेशालय के कार्यालय में प्रवेश करते देखा गया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता किरीट सोमैया ने बीएमसी द्वारा स्थापित कोविड-19 केंद्रों में अनियमितताओं का आरोप लगाया है।

## चार्जशीट के बाद डिफॉल्ट जमानत की जा सकती है रद्द : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली ।सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि चार्जशीट दाखिल करने पर आरोपी को दी गई डिफॉल्ट जमानत गुण-दोष के आधार पर रद्द की जा सकती है। न्यायमूर्ति एम.आर. शाह की अध्यक्षता वाली पीठ ने तेलंगाना उच्च न्यायालय को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी के चाचा पूर्व मंत्री वाई.एस. विवेकानंद रेड्डी की 15



मार्च, 2019 को हुई हत्या के मामले में इरा गांगी रेड्डी के जमानत को निरस्त करने की सीबीआई की याचिका पर गुण दोष के आधार पर सुनवाई करने का निर्देश दिया। पीठ में न्यायमूर्ति सी.टी. रविकुमार ने कहा कि जब आरोपी के खिलाफ एक मजबूत मामला बनाया जाता है, तो केवल चार्जशीट (समय सीमा के भीतर) दाखिल नहीं करना पर्याप्त नहीं होगा। शीर्ष अदालत ने मामले को उच्च न्यायालय को वापस भेज दिया, ताकि वह कानून के अनुसार और गुण-दोष के आधार पर इस पर नए सिरे से विचार कर सके। शीर्ष अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय का फैसला, जिसमें कहा गया है कि डिफॉल्ट जमानत को मेरिट के आधार पर रद्द नहीं किया जा सकता है- जांच एजेंसियों की सुस्ती को बढ़ावा देगा। शीर्ष अदालत इस बात पर विचार कर रही थी कि क्या चार्जशीट पेश करने के बाद जमानत रद्द की जा सकती है, जबकि 90 दिनों के भीतर चार्जशीट दाखिल नहीं करने पर जमानत दी गई थी ।पीठ ने कहा कि केवल चार्जशीट दाखिल करने से रद्दीकरण नहीं होगा जब तक कि एक मजबूत मामला नहीं बनता है कि अभियुक्त ने एक गैर-जमानती अपराध किया है।

## केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे की कार पलटी, 5 पुलिसकर्मी घायल

एजेंसी, पटना। केंद्रीय राज्य मंत्री (एमओएस) अश्विनी चौबे के काफिले का एक एस्कॉर्ट वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। हादसा रविवार देर रात उस वक्त हुआ जब केंद्रीय मंत्री बक्सर से पटना जा रहे थे। इस दौरान गाड़ी पलट कर गड्ढे में जा गिरी। मंत्री ने ट्विटर पर वीडियो साझा किया, जिसमें उन्हें पलटे हुए एस्कॉर्ट वाहन का निरीक्षण करते देखा जा सकता है। जिस इनोवा कार में केंद्रीय मंत्री सवार थे, वह एस्कॉर्ट कार के ठीक पीछे थी। घायल पुलिसकर्मियों को डुमरांव



अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है और दो की हालत गंभीर है। दुर्घटना के बाद, चौबे के निजी सुरक्षा गार्डों ने अन्य सहयोगियों के साथ उन्हें बचाया और अस्पताल में भर्ती कराया। चौबे ने कहा, पुलिस वैन पानी से भरे गड्ढे में गिर गई। मेरे साथ यात्रा कर रहे हमारे सुरक्षाकर्मियों और अन्य समर्थकों ने वाहन के शीशे तोड़ दिए और उन्हें बचा लिया। दो पुलिसकर्मियों को गंभीर चोटें आई हैं। चौबे ने कहा कि चूंकि दो पुलिसकर्मियों को गंभीर चोटें आई थीं, इसलिए उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना एम्स ले जाया गया। हादसा डुमरांव के पास मथिला-नारायणपुर मार्ग पर हुआ। अश्विनी कुमार चौबे बक्सर के सांसद और नरेंद्र मोदी सरकार में पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री हैं। वह चौसा में आंदोलनकारी किसानों से मिलने पटना आए और कुछ दिन पहले उन्हें उनके कड़े प्रतिरोध का सामना करना पड़ा।

## दिल्ली में आतंकियों की गिरफ्तारी के बाद अयोध्या में अलर्ट

❑ मंदिरों की सुरक्षा बढ़ाई गई, बाजारों में चलाया गया चेकिंग अभियान

संवाददाता

अयोध्या। नई दिल्ली में दो आतंकियों की गिरफ्तारी के बाद अयोध्या में अलर्ट जारी कर सुरक्षा बढ़ाई गई है। जुड़वा शहर में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अयोध्या धाम में प्रवेश द्वार पर पुलिस दो वाहनों को चेक कर रही है। अयोध्या में प्रवेश करने वाले लोगों का आधार कार्ड अथवा परिचय पत्र देखने पर ही प्रवेश दिया जा रहा है। अयोध्या के प्रमुख मंदिरों सहित रामलला के ओर जाने वाले सभी मार्गों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सरयू तट समेत सभी भीड़ वाले स्थानों पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही हैस होटल और धर्म शालाओं में संदिग्ध लोगों की तलाश की जा रही है, बताया जा रहा है कि दिल्ली में पकड़े गए आतंकियों



के निशाने पर यूपी के धर्म स्थल थे। इस इनपुट के बाद अयोध्या में गणतंत्र दिवस तक रेड अलर्ट रहने के आसार हैस डीआईजी अमरेंद्र प्रताप सिंह और एसएसपी मुनिराज जी अपने सहयोगियों सहित अयोध्या की सुरक्षा की निगरानी कर रहे हैंस अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा ने खुद नयाघाट आदि क्षेत्रों में वाहनों की चेकिंग कर सहयोगियों से संदिग्ध लोगों की निगरानी करने के लिए हमेशा सतर्क रहने को कहा है।

## सशस्त्र बलों को चुनौतियों के लिए तैयार करने में 'गेम चेंजर साबित होगी अग्निपथ योजना : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली ।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि अग्निपथ योजना एक परिवर्तनकारी नीति है और यह सशस्त्र बलों को मजबूत करने एवं उन्हें भावी चुनौतियों के लिए तैयार करने में एक ''गेम चेंजर साबित होगी। प्रधानमंत्री ने तीनों सेनाओं में भर्ती की अल्पकालिक योजना 'अग्निपथ के पहले बैच के अग्निवीरों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संवाद के दौरान यह बात कही। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से (पीएमओ) जारी एक बयान के मुताबिक, मोदी ने अग्निवीरों को इस 'पथ प्रदर्शक योजना में अग्रणी बनने के लिए बधाई दी और कहा कि यह योजना महिलाओं को सशक्त बनाएगी।



उन्होंने कहा कि युवा अग्निवीर सशस्त्र बलों को अधिक युवा और ''टेक सेवी (आधुनिक तकनीक व प्रौद्योगिकी के जानकार) बनाएंगे। मोदी ने कहा, 'तकनीकी रूप से उन्नत सैनिक हमारे सशस्त्र बलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। युवाओं की वर्तमान पीढ़ी में विशेष रूप से यह क्षमता है। इसलिए अग्निवीर आने वाले समय में हमारे सशस्त्र बलों में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि नया भारत नए जोश से भरा हुआ है और सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास चल रहे हैं। इक्कीसवीं सदी में युद्ध लड़ने के बदलते तरीकों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने इस संवाद के दौरान संपर्क रहित युद्ध के नए मोर्चों और साइबर युद्ध की चुनौतियों पर भी चर्चा की। अग्निवीरों की क्षमता की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी भावना सशस्त्र बलों की बहादुरी को दर्शाती है, जिसने हमेशा राष्ट्र के झंडे को ऊंचा रखा है। उन्होंने कहा, 'इस अवसर के माध्यम से वे जो अनुभव प्राप्त करेंगे, वह जीवन के लिए गर्व का स्रोत होगा। युवाओं और अग्निवीरों की क्षमता की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ये अग्निवीर ही हैं, जो 21वीं सदी में राष्ट्र को नेतृत्व प्रदान करने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि यह योजना महिलाओं को और सशक्त बनाएगी।

## डेपुटेशन पर आए अफसर यूपी की छवि बिगाड़ रहे, इनकी मूल राज्य में वापसी हो : अखिलेश यादव

❑ अखिलेश से मिले चाचा शिवपाल, आदित्य को पार्टी में मिल सकती अहम जिम्मेदारी

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को यूपी के नौकरशाहों पर जमकर भड़ास निकाली। सपा प्रमुख ने डेपुटेशन पर यूपी आए अधिकारियों को प्रदेश की छवि खराब करने वाला बताया। इसके साथ ही सरकार से इन अधिकारियों की जांच करने के साथ उन्हें वापस उनके राज्य कैडर में भेजने की बात कहीं। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के अफसरों पर जमकर भड़ास निकाली सपा प्रमुख ने अपने ट्वीट में लिखा कि उप्र में सुदूर दूरदराज से जो अधिकारी डेपुटेशन पर आए हैं, उनका मकसद क्या प्रदेश को सरेआम लूटना ही है। जनता से जो लूटा जा रहा है, उसका हिस्सा किस-किस को जा रहा है? ऐसे अधिकारी पूरे देश में उप्र की पुलिस की छवि बिगाड़ रहे हैं। इनकी तुरंत जांच कर मूल राज्य में प्रदेश वापसी हो। अखिलेश यादव ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 2024 में बीजेपी पूरी तरह से साफ होगी क्योंकि महंगाई चरम सीमा पर है। बेरोजगारी बढ़ी है। बीजेपी की सरकार झूठ बोलने में नंबर वन है। आप लोग इतना जान लो जब लोकतंत्र में किसी को न्याय न मिले तो समझ लेना सरकार जाने वाली है। जनता इसका जवाब जरूर देगी।



उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देश में सभी चीजें बेंच दी है। ऐसे में सरकार विदेश जाकर इन्वेस्टमेंट क्यों लाना चाहती हैं? सरकार पर निशाना साधते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी ने अपनी पावर का एहसास दिलाया है। आप सपा परिवार से हैं इसलिए आपका नक्शा चेक करते हुए ढाबे को गिराया जा रहा है। बीजेपी ने एग्जांपल देते हुए यह पावर दिखाया है कि आपके भी नक्शे चेक हो जाएं। जब आप भी सरकार में आना तो गैर कानूनी तरीके से बनी बिल्डिंगों को तोड़ देना। सपा प्रमुख अखिलेश यादव सोमवार शाम को अचानक चाचा शिवपाल के घर पहुंचे। जहां यूपी की राजनैतिक गतिविधियों के साथ ही संगठन विस्तार पर चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक, इस मुलाकात में आदित्य यादव को पार्टी में अहम पद देने के विषय पर भी बात हुई। करीब सवा घंटे चली इस मुलाकात के बाद अखिलेश यादव अपने काफिले के साथ सीधे अपने आवास चले गए। सूत्रों के मुताबिक, मैनपुरी उपचुनाव में सपा की भारी मतों से जीत के बाद अखिलेश यादव चाचा शिवपाल का साथ किसी भी सूरत में खोना नहीं चाहते हैं। इसके चलते ही सोमवार को अचानक वह उनके घर पहुंच कर सपा के संगठन को मजबूत करने के लिए जमीनी लेवल पर बात की। साथ ही उन्हें पार्टी में अहम भूमिका निभाने के साथ ही उनके बेटे आदित्य यादव को पार्टी में अहम पद देने के बिंदु पर भी चर्चा हुई।

## 31 जनवरी से शुरू होगा संसद का बजट सत्र

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का पहली बार होगा अभिभाषण

एजेंसी

नयी दिल्ली ।संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा जिस दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। लोकसभा सचिवालय के बुलेटिन में कहा गया है कि सदस्यों को सूचित किया जाता है कि 17वीं लोकसभा का ग्यारहवां सत्र मंगलवार 31 जनवरी से शुरू होगा। संसद के बजट सत्र में 27 बैठकें होंगी और यह 6 अप्रैल तक चलेगा। सत्र का पहला चरण 31 जनवरी से शुरू होकर 13 फरवरी तक होगा। इसमें कहा गया है कि 31 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। लोकसभा एवं राज्यसभा के बुलेटिन के अनुसार, 31 जनवरी 2023 को



राष्ट्रपति का अभिभाषण समाप्त होने के आधे घंटे बाद सरकारी कार्य के निष्पादन के लिये दोनों सदन की अलग अलग बैठक होगी ।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को सुबह 11 बजे आम बजट पेश करेंगी। बुलेटिन के अनुसार, इसके बाद सत्र के दौरान करीब एक महीने का अवकाश रहेगा जिसमें विभिन्न स्थायी समितियां, मंत्रालयोंध्विभागों के अनुदान की मांगों पर विचार करेंगी और रिपोर्ट तैयार करेंगी। बजट सत्र का दूसरा चरण 13 मार्च से शुरू होगा और 6 अप्रैल तक चलेगा। इसमें कहा गया है कि जब तक अध्यक्ष कोई निर्देश न दें, तब तक लोकसभा की बैठकें दिन में पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 1 बजे और फिर 2 बजे से शाम 6 बजे तक होगी।

# जायसवाल समाज ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए लोगों को सम्मानित किया गया

संवाददाता

कानपुर। डा0 काशी प्रसाद जायसवाल समर्पित समारोह श्री जगवादकानपुर द्वारा विश्व परिस इतिहासकार एक चीनी भाषा के खाता मुद्दा शास्त्री, स्वतंत्र ध प्रसाद जायसवाल, माली समर्पित समारोह कानपुर में सम्पन्न हुआ जिसमें 10 काशी प्रसाद जायसवाल के जीवन पर प्रकाओं ने बताया कि राष्ट्रवादी सोच के इतिहासकार काशीप के माध्यम से सिद्ध किया कि भारत का इतिहास गुलामी का इतिहासका इतिहास रहा है, विश्व के कई इतिहासकारों ने इस शोध के में संशोधन किया। कार्यक्रम में मेधावी बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साह कन किया। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट स्थान बनाने के लिए प्रेरित किया गया। समाज के बुजुगों का शाल व पुण माला द्वारा सम्मान किया गया। विवाह हेतु युवक-युवती परिचय कार्यक्रम किया गया। लोगों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। 60 मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया गया, 50 जु का सम्मान तथा विवाह हेतु 350 लोगों ने पंजीकरण कराया।

राष्ट्रवादी वित्त, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वा विश्व के प्रसिद्ध इतिहासकार की देश के प्रति सेवाओं को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार से माँग की गई कि महापुरुष को भारत रत्न की उपाधि से अलंकृत किया जाये। कानपुर नगर निगम किया गया कि इनके नाम पर किसी पार्क को विकसित किया जाये तथा वहीं पर इनकी मूर्ति स्थापित किया जाये। आजकल सोशल मीडिया के दुष्परिणाम के कारण युवा गलत दिशा में गुड़ जाते हैं।

देश के युवा युवती से अपील की गई कि सोशल मीडिया के माध्यम से सम्बन्ध बनाने में सावधानी रखें अपने मन की बात अपने अपने माता-पिता से अवश्य साझा करें, उनको अपने विश्वास में रखें। माता-पिता से आग्रह किया गया कि बच्चों से दूरी बनाकर न रखें। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा0 आर0बी0 जायसवाल जी ने किया तथा अन्य वक्ताओं में हरीकृष्ण, मुकेश जायसवाल, अजय जायसवाल, रामलखन, अनूप, वरुण, डा0 नन्दलाल, डा0 विमल, सुरेन्द्र जायसवाल, झन्नालाल गुप्ता, डी0पी0 गुप्ता, हरीशंकर, जितेन्द्र (एड0), जल, राजेश अन्नालाल गुप्ता अक्षयलाल जायसवाल तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम सुशील जायसवाल, आनन्द जायसवाल ने किया।



# नोडल अधिकारी ने कान्हा गोशाला का किया निरीक्षण, संतोष व्यक्त किया

संवाददाता



शुक्लागंज,उन्नाव। शासन से नामित सुखलाल भारती व विशेष सचिव आयुष विभाग ने नगर पालिका परिषद गंगाघाट के कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आयुष विभाग के विशेष सचिव सुखलाल भारती और मुख्य विकास अधिकारी ॠषि राज ने सोमवार अपराह्न 4रू30 बजे कन्हा गौशाला पहुंच कर निरीक्षण किया। नोडल अधिकारी के निरीक्षण के समय नगर पालिका परिषद गंगाघाट के अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा ने नोडल अधिकारी को कान्हा गौशाला के संरक्षित गोवंश के चारा, भूसा व अन्य आहार के स्टाक का भौतिक व अभिलेखीय निरीक्षण कराया। गौशाला के रखरखाव व संचालन पर संतोष व्यक्त करने के उपरान्त नोडल अधिकारी महोदय ने अन्य गौशालाओं के निरीक्षण हेतु प्रस्थान किया।

# साई कृपा इंटरप्राइजेज ने किया खिचड़ी वितरण

संवाददाता



कानपुर। कानपुर पनकी रोड स्थित साईं कृपा इंटरप्राइजेज एवं सहयोगी गणों से विशाल खिचड़ी वितरण का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 1000 से ज्यादा लोगों ने खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया इस दौरान योगेश शुक्ला ने बताया हर वर्ष की भांति इस बार भी सब भाई बंधुओं के सहयोग से खिचड़ी वितरण आयोजन किया गया यह व्यवस्था हमारे लोगों के द्वारा लगभग 5 वर्षों से बराबर की जा रही है और इस बार भी सुबह से शाम तक लोगों को आने जाने वाले राहगीरों तक प्रसाद वितरण किया गया जिसमें दही बड़े खिचड़ी के साथ लोगों को परोसा गया जिसका लोगों ने भरपूर आनंद उठाया जैसा कि यह सनातन धर्म में मकर संक्रांति का विशेष त्यौहार माना जाता है और सभी हिंदू धर्म के लोगों को बढ़-चढ़कर हिंदू त्यौहार हर्षोल्लास से मनाना चाहिए हमारे सभी सहयोगीयों की तरफसे सभी को इस त्यौहार की बहुत-बहुत शुभकामनाएं और सभी को नए वर्ष के मंगल कामना देता हूं इस दौरान योगेश शुक्ला अंशु त्रिवेदी अभिषेक शुक्ला अनुराग द्विवेदी रोहित सिंगर शिवांश मिश्रा आयुष खरे आदि व्यापारी गण मौजूद रहे।

# नवोदय युवा समिति द्वारा जिलाअधिकारी को उत्कृष्ट सेवा सम्मान से किया सम्मानित

संवाददाता, हापुड़। पिलखुआ के नवोदय युवा समिति के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी मेधा रूपम को प्रतीक चिन्ह भेंट किए जिलाधिकारी द्वारा आम लोगों की समस्याओं को निस्तारण करने में प्राथमिकता और सरकारी योजनाओं का आम जनता तक लाभ पहुंचाने की सक्रियता से आमजन को लाभ मिलता है उनकी कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए नवोदय युवा समिति के पदाधिकारियों ने उत्कृष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर समिति के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी मेघा रूपम को सम्मान पत्र प्रतीक चिन्ह देकर के सम्मानित किया इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठी, महामंत्री महेंद्र सिंह सैनी, जतिन सिंह आदि कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी मेघा रूपम को सम्मान पत्र प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया



# मायावती के जन्मदिवस पर भावी पार्षद ने दी बधाई

संवाददाता



कानपुर। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के 67 जन्म दिवस के अवसर पर वार्ड 40 के बहुजन समाजवादी पार्टी के भावी पार्षद अवधेश निषाद ने उन को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं भेंट की नगर निगम चुनाव के पार्षद प्रत्याशी अवधेश निषाद ने कहा कि हमारे क्षेत्र में मौजूदा पार्षद ने विकास के नाम पर सिर्फ लोगों को हसीन सपने दिखाए और किसी भी प्रकार का जनहित में कोई काम नहीं किया जिसको लेकर लोगों में बदलाव दिख रहा है और जैसा कि क्षेत्र की जनता अब बदलाव का मन बना चुकी है बहन मायावती के आशीर्वाद से इस बार पार्षद का चुनाव के मैदान में हाथ आजमाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है मैं यही कहना चाहूंगा कि इस बार बस जनता अपना आशीर्वाद प्रदान करें जो भी मूलभूत सुविधाएं हैं उनको संभवत धरातल पर लाने की कोशिश करूंगा इस दौरान करुणेश चंद्र निषाद संतोष राजपूत विकास निषाद आदि सहयोगी प्रत्याशी मौजूद रहे।

# डायमंड ज्वैलरी प्रदर्शनी के तीसरे दिन लकी ड्रा आयोजित हुआ

संवाददाता



कानपुर। कल्यानपुर में डायमंड ज्वलरी प्रदर्शनी के तीसरे दिन बिल्हौर विधायक ने कार्यक्रम का किया शुभारंभ, संत समाज के साधु संत रहे मौजूद रहे कल्यानपुर केशव पुरम स्थित होटल नेगी में डायमंड ज्वेलरी प्रदर्शनी के तीसरे दिन बिल्हौर विधानसभा के विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसमें कानपुर के संत समाज के सभी साधू संत मौजूद रहे। बाल योगी अरुण चेतन्य पुरी जी महाराज ,सिद्धनाथ घाट से, पनकी मंदिर से महामंडलेश्वर कृष्ण दास जी महाराज, भागवताचार अशोक कुमार मिश्रा , मां आशा देवी मंदिर के महंत आशुतोष गिरी जी द्वारा नारायण मंगल परिवार को उज्जवल भविष्य की ढेर सारी शुभकामनाएं दी गई। आई हुए जनता ने प्रदर्शनी का लुफ्त उठाया। शहर की नामचीन हस्तियां कार्यक्रम में मौजूद रहीं। बता दें कि यह तीन दिवसीय कार्यक्रम था जिसका आज समापन हो गया है।

# विशेष टीकाकरण अभियान के दो दिनों में 107 बच्चों को लगाये गए टीके

संवाददाता, महोबा। शहरी क्षेत्र में टीकाकरण से वंचित बच्चों को आच्छादित करने के लिए 15 जनवरी से संचालित विशेष टीकाकरण अभियान के दो दिनों में 107 बच्चों को टीके लगाये गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एके गर्ग ने बताया किनेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे 4 एवं 5 के अनुसार नियमित टीकाकरण में ग्रामीण के मुकाबले शहरी क्षेत्रों का प्रतिशत कम है। इसको ध्यान में रखते हुए शासन ने विशेष अभियान चलाकर कवरेज बढ़ाने के निर्देश दिए थे। पिछले दिनों प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने 15 जनवरी से अभियान चलाने के आदेश भी जारी किए थे। रविवार से शहरी क्षेत्रों में नियमित टीकाकरण का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर अभियान चल रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि 21 जनवरी यानि शनिवार तक सुबह 8 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक नियमित टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे। बताया कि इससे शहरी क्षेत्रों टीककारण में सुधार आएगा और शिशुओं को जानलेवा बीमारियों से बचाव होगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. जीआर रत्मेले ने बताया कि जिला पुरुष व महिला अस्पताल, अर्बन पीएचसी भटीपुरा व बजरिया में सत्र चल रहे हैं। पहले दिन रविवार को 40 टीके लगाए गए। दूसरे दिन सोमवार को 67 बच्चों को टीके लगाए गए हैं।

# मा0 हीरालाल के पुत्र प्रत्यक्ष गौतम को मिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता में अच्छे परफॉर्मेंस के लिए सम्मान

संवाददाता, हापुड़। जनपद हापुड़ के सिंभावली के आरएसके इंटर कॉलेज में क्रीड़ा भारती के तत्वावधान में वॉलीबॉल और बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विबग्योर स्पोर्ट्स एकेडमी प्रथम और सिंभावली की टीम द्वितीय स्थान पर रही वहीं बास्केट बॉल प्रतियोगिता अंडर-14 में इंडस ग्लोबल स्कूल प्रथम व एसएसवी इंटर कॉलेज स्कूल



स्थान पर रहा और इंडस ग्लोबल स्कूल के विधार्थी अंडर-14 की टीम मे हापुड़ के लज्जापुरी निवासी मास्टर हीरालाल के पुत्र प्रत्यक्ष गौतम उर्फ अंगद को टीम में अच्छे परफॉर्मेंस के लिए मेडल,ट्रॉफी व 500 रुपये का नगद इनाम देकर बच्चे को सम्मान दिया गया था।इस सम्मान के लिए बच्चे के परिवार के सदस्यों में बहुत खुशी का माहौल बना हुआ है। जिसमें वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विबग्योर एकेडमी की टीम प्रथम आई। जिस प्रतियोगिता शुभारंभ मुख्य अतिथि क्रीड़ा भारती के प्रदेश मंत्री डॉ. विकास अग्रवाल और वॉलीबॉल संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र सिंह औलख ने किया। इस मौके पर डॉ. राजेंद्र सिंह औलख ने कहा कि युवा शक्ति यदि अपनी ताकत को सही दिशा में इस्तेमाल करे, तो वह अपने समाज और देश को उन्नति की ओर ले जा सकती है किया।

# नपा ने शोकसभा आयोजित कर पूर्व सभासद को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता



शुक्लागंज, उन्नाव। पूर्व सभासद मो. सईद के आकस्मिक निधन पर नगर पालिका परिसर में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। नगर पालिका परिषद गंगाघाट अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा के नेतृत्व में सभासदों और नपा कर्मियों ने दो मिनट का मौन रखकर स्व. मो. सईद को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित सभासदों ने कहा कि मो. सईद कर्मठ व इमानदार पूर्व सभासद रहे। कहा कि ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान कर स्वजनों को इस दुख की घड़ी में हिम्मत प्रदान करें। कहा कि नगर पालिका कार्यालय हमेशा उनके स्वजनों की सहायता में आगे रहेगा। शोक सभा में पूर्व सभासद योगेश मिश्रा, गोकुल वर्मा, प्रदुमन मिश्रा, राकेश रावत, जेई घनश्याम मौर्या अनूप शुक्ला, आदि रहे। बाते दे कि मो. सईद का स्वास्थ्य काफी समय से खराब चल रहा था। जिसके चलते सोमवार को उनका असमय निधन हो गया। उनके जनाजे मे सपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, वरिष्ठ सपा नेता वीरेंद्र शुक्ला, सपा नि. नगर अध्यक्ष उमा लाल यादव आदि सपाई रहे।

# गजल अदायगी के लिए शान-ए-गजल सम्मान से सम्मानित हुए बेख़ौफ शायर



संवाददाता, हापुड़। हापुड़ के सागर कॉलोनी निवासी बेखौफ शायर डॉ नरेश सागर ने दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी के गीतांजलि सभागार में आगमन साहित्य संस्था के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन जैन ने शायरों की जमात को एक शानदार कार्यक्रम जश्न- ए-गजल का आयोजन में हिस्सा लिया था जिसमें करीब 70 शायरों ने अपने कलाम पढ़ें और कार्यक्रम लगातार 8 घंटे चला। जश्न- ए -गजल की इस महफिल में बेख़ौफशायर के नाम से मशहूर डॉ. नरेश सागर को उनकी बेहतरीन अंदाज और गजल अदायगी को ष्शान-ए-गजल सम्मान से सम्मानित किया। इस सम्मान समारोह में मशहूर शायर लक्ष्मी शंकर वाजपेई, ओमप्रकाश यति, संजीव निगम,देव साध, कमला सिंह जीनत, प्रेम सागर प्रेम, कमलेश फरूखावादी, ममता किरण, राजेश प्रभाकर, देवेन्द्र मांझी जैसे शायरी के सितारे मौजूद रहें।

# स्नातक व शिक्षक निर्वाचन को संपन्न कराने के लिए मास्टर ट्रेनर्स को दिया गया प्रशिक्षण

संवाददाता

उन्नाव। विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी ॠषिराज की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश विधान परिषद कानपुर खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन 2023 को सकुशल संपन्न कराने के लिए नियुक्त किये गये मास्टर ट्रेनर्स का प्रथम प्रशिक्षण आयोजित किया। प्रशिक्षण में सहायक अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग इ0 जयसिंह एवं जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ देवेश सचान ने निर्वाचन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में सभी मास्टर ट्रेनर्स को सम्बोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को भलीभॉति जान ले ताकि निर्वाचन पूर्ण कराने में किसी भी प्रकार की समस्या न हो। उन्होने सभी मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षणनिर्वाचन प्रक्रिया को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए, और कहा कि किसी भी जानकारी के लिए प्रशिक्षण प्रभारीध्टीम से कभी भी संपर्क किया जा सकता है। उन्होने कहा कि मतदान कार्मिकों प्रशिक्षण देते समय मतदान प्रक्रिया की विधि से भलीभॉति अवगत करा दिया जाए, ताकि मतदान के दौरान पीठासीन अधिकारी मतदाताओं को सही विधि से मतदान करवाने में मदद कर सके।




# कांग्रेसियों ने कचहरी परिसर में चाय वितरण किया



संवाददाता

कानपुर। पचावे दिन (इंटक/ किसान कांग्रेस) की ओर से प्रियंका गांधी जी के जन्मदिन पर साप्ताहिक नफरत की बाजार में मोहब्बत की चाय अधिवक्ता समाज के बीच कानपुर कचहरी में वितरण किया गया ! वहा वादीध्प्रतिवादी सभी ने चाय के आनन्द के साथ कहा की आज अधिवक्ता समाज राहुल जी की नफरत की बाजार में ,मोहब्बत बाटने का संकल्प भी लिया ! लोगो में प्यार की जरूरत है ,भाई चारे की जरूरत है ! हम कांग्रेस के साथ है राहुल गांधी जी के साथ है ! इस तरह की मोहब्बत की चाय वितरण होती रहेगी ! कार्यक्रम के संयोजक- ' विजय सिंह मर्तोलिया( भावी महापौर प्रत्याशी), कार्यक्रम का नेतृत्व - ( अमित पांडेय - (जिला अध्यक्ष)नगर ग्रामीण कांग्रेस ने किया! आयोजक - नरेन्द्र चंचल कुशवाहा (किसान कांग्रेस अध्यक्ष), इस दैरान,राजीव द्विवेदी ,अनुराग पाल, तुफैल अहमद, ,मीना मिश्रा,सबनम आदिल, राम नवल कुशवाहा, अजय गुप्ता,इंद्रकुमार कमल,राजेश राजपूत ,हर्ष वर्धन सिंह,नायब भाई, आदि लोगो ने चाय वितरण में श्रमदान किया !

# आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय अयोध्या का 24वां दीक्षान्त समारोह सम्पन्न

संवाददाता





लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अयोध्या का 24वां दीक्षान्त समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर राज्यपाल ने उपाधि प्राप्त करने वाले सभी को बधाई दी। साथ ही दीक्षान्त समारोह में सभी उपाधि प्राप्त कर्ताओं से अपेक्षा की कि वे अपने ज्ञान एवं कौशल का उपयोग प्राकृतिक संसाधनों के संवर्द्धन गुणवत्तापरक उत्पादन, कृषि में रोजगार सृजन करके भारत निर्माण के योगदान में करेंगे। वर्तमान परिदृश्य में कृषि की बदलती आवश्यकताओं पर चर्चा करते हुए उन्होंने शिक्षा पद्धति में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार बदलावों की आवश्यकता पर जोर दिया। इसी क्रम में उन्होंने विश्वविद्यालय में पशु नस्ल सुधार की दिशा में हो रहे कार्यों तथा उससे प्रदेश के किसानों को लाभ, पूर्वांचल क्षेत्र में कृषि विकास में योगदान, विभिन्न फसलों की नई प्रजातियों का विकास, अनुपयोगी भूमि को खेती योग्य बनाने में योगदान की सराहना की। प्राकृतिक खेती को छोटे किसानों के लिए फायदेमंद बताते हुए इसमें पराली का उपयोग किए जाने की चर्चा भी की। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय मे हुए शोधों का उपयोग किसानों तक पहुँचाने, किसानों को कृषि में ड्रोन तकनीक के उपयोग की जानकारी का प्रसार करने, कम पानी में पर्याप्त सिंचाई की जानकारी देने, जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने जैसे विषयों पर जानकारी दी। कृषि सम्बन्धी रोजगारों में महिलाओं का बड़ा जुड़ाव, ग्रामीण महिला सशक्तिकरण, महिला स्वावलम्बन पर बल देने को कहा हैं। राज्यपाल ने प्राथमिक विद्यालय से आए छात्र–छात्राओं को पढ़ने की सामग्री, विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु आंगनबाड़ी किट्स का वितरण तथा क्षेत्र के प्रगतिशील कृषकों को सम्मानित किया। दीक्षान्त समारोह के मुख्य अतिथि कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार सूर्य प्रताप शाही ने अपने सम्बोधन में विद्यार्थियों से प्रदेश में कृषि क्षेत्र को प्रदान की जा रही सुविधाओं, कृषि मे बदलते परिवेश, नवीनताओं, तकनीक विकास के लाभों के विषय में बताया। दीक्षांत समारोह में कुल (545) विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई। जिसमें (293) स्नातक, (180) परास्नातक, तथा (72) पीएचडी की उपलब्धि प्रदान की गई। मेधावी और अतिरिक्त योग्यता वाले (25) विद्यार्थियों को पदक देकर सम्मानित किया गया, जिसमें (6) कुलाधिपति स्वर्ण पदक(12) कुलपति स्वर्ण पदक, (7) विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। (15) पदक छात्रों ने तथा (10) पदक छात्राओं ने प्राप्त किए।

# भारत जोड़ो यात्रा के बाद अब कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान

## दीपेंद्र सिंह हुड्डा को दी गई यूपी की जिम्मेदारी

संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में करीब 33 साल से व केंद्र में 8 साल से सत्ता से दूर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को केंद्र से उखाड़ फेंकने व कांग्रेस की सत्ता में वापसी के इरादे से इस समय देश में भारत जोड़ो यात्रा निकाल रही है। इस वक्त यह यात्रा करीब 3200 किलोमीटर का सफर तय कर पंजाब पहुंच चुकी है और 30 जनवरी को जम्मू–कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में इस यात्रा का समापन होगा। भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से जो संदेश राहुल गांधी दे रहे उसे नए अभियान के तहत कांग्रेस उसे अब बूथ स्तर तक पहुंचाने के लिए हाथ से हाथ जोड़ो अभियान चलाने जा रही है। जिसकी शुरुआत 26 जनवरी को दिल्ली से होगा। राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा के बाद अब कांग्रेस हाथ से हाथ जोड़ो अभियान चलाने जा रही है। भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से देश को जो संदेश राहुल गांधी दे रहे है। उसे नए अभियान के माध्यम से पार्टी अब बूथ स्तर तक पहुंचाने की योजना बना रही है। कांग्रेस पार्टी के अनुसार 2024 के मद्देनजर ये काफी महत्वपूर्ण अभियान है और ये अभियान 2 महीने तक चलाया जाएगा। इसके तहत हर ब्लॉक में तकरीबन एक महीने का अभियान चलाया जाएगा। जिसमें कांग्रेस नेता बूथ पर पहुंचकर सीधे मतदाताओं से संवाद करेंगे। 2024 को लेकर कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने कई कार्यक्रमों का खाका तैयार किया है। राष्ट्रीय स्तर पर तैयार किए गए इस कार्यक्रम में प्रियंका गांधी वाड्रा को भी एक अहम चेहरे के तौर पर प्रोजेक्ट किया जाएगा। सभी प्रदेशों की राजधानी में जो यात्राएं निकलेंगी उनमें प्रियंका गांधी वाड्रा नजर आएंगी। इसके अलावा एक ऑब्जर्वर प्रदेश के बाहर का नेता होगा। उसकी देखरेख में संबंधित प्रदेश में यह अभियान चलाया जाएगा। पार्टी सूत्रों की मानें तो यूपी में राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा को यह जिम्मेदारी दी गई है।

# नई पहल: पायलट प्रोजेक्ट के तहत यूपीएसडीएम 10 हजार लड़कियों को देगा सेल्फडिफेंस ट्रेनिंग

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत राज्य के 16 शहरों में 10 हजार लड़कियों के लिए सेल्फ्य डिफेंस ट्रेनिंग देने का निर्णय लिया है। इस प्रोजेक्ट की शुरुआत बतौर मुख्य् अतिथि पहुंचे व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अलीगंज स्थित विश्व बैंक महिला आईटीआई से की और इसी के साथ यहां तीन दिवसीय सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग की शुरुआत हुई। इसके अलावा जिले के तीन अन्यत केंद्रों आईटीआई मोहनगंज, महिला आईटीआई चारबाग और आईटीआई चारबाग में भी प्रशिक्षण शुरू हो गया है। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने लड़कियों को चेन अलार्म, सुरक्षा सीटी, स्प्रे और स्टिंगर युक्त 'निर्भया किट'भी दिए। सेल्फ डिफेंस कार्यक्रम यूपीएसडीएम के संकल्प (स्किल एक्विजिशन एंड नॉलेज अवेयरनेस फॉर लाइवलीहुड प्रमोशन) प्रोग्राम के तहत किया जा रहा है, जबकि इन्हें प्रशिक्षण स्पोर्ट्स, फिजिकल एजुकेशन, फिटनेस एंड लीजर–स्किल्स काउंसिल (एसपीईएफएल–एससी) की निगरानी में स्किल्डह ट्रेनर के द्वारा दी जा रही है। इस कार्यक्रम का मकसद महिलाओं और लड़कियों को आत्मरक्षा तकनीक और रणनीति सीखाकर उन्हेंम सशक्तल बनाना है। इस मौके पर मुख्य अतिथि मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि आत्मरक्षा तकनीकों को सीखकर, महिलाएं खुद को बचाने और हमलावरों के खिलाफलड़ने के लिए आत्मविश्वास और कौशल हासिल कर सकती हैं। छह महीने के इस पायलट प्रोजेक्टआ से 10,000 बेटियों के जीवन पर सकारात्मबक प्रभाव पड़ेगा। इस पायलट प्रोजेक्ट के बाद यूपी के हर जिले के आईटीआई और यूपीएसडीएम के प्रशिक्षण केंद्रों में यह शुरू किया जाएगा। यूपीएसडीएम के निदेशक, आंद्रा वासमी ने आत्मरक्षा प्रशिक्षण के महत्व पर जोर देते हुए कहाउ कि यह पहल महिलाओं और लड़कियों को सशक्तश बनाने के उद्देश्यक से शुरू किया गया है। इस प्रशिक्षण में उन्हें तकनीक के साथ कौशल भी सीखाए जा रहे है। यह कार्यक्रम दुनिया की कुछ बेहतरीन युद्ध प्रणालियों की सर्वश्रेष्ठ आत्मरक्षा प्रथाओं और तकनीकों पर आधारित है, और शारीरिक एवं मानसिक फिटनेस के महत्व पर केंद्रित है। एसपीईएफएल–एससी के सीईओ तहसीन जाहिद ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे उन्हें आत्मविश्वास और आत्मरक्षा कौशल मिला है।

# राजधानी की सफाई व्यवस्था हुई ध्वस्त

## नाला सफाई के बाद वहां से कूड़ा उठाना भूल रहा नगर निगम

संवाददाता



लखनऊ। नगर निगम के लाख दावे के बाद भी सफाई व्यवस्था बेपटरी हो चली है। स्थिति यह है कि नालों और नालियों की सफाई कराने के बाद मलबा नहीं हटाया जा रहा है। वही मलबा दोबारा नाली में गिर जा रहा है। इंदिरा नगर सी ब्लॉक शेखर अस्पताल के बाद नालों की सफाई का काम कराया गया। यहां मसल्स जिम के मालिक इमरान खान बताते हैं कि उनके इलाके में एक सप्ताह पहले नाले की सफाई की गई। लेकिन, अभी तक उसका मलबा नहीं हटाया गया है। स्थिति यह है कि आधा से ज्यादा मलबा अब दोबारा उसी नाले में गिर गया है। पहले 24 घंटे बाद मलबा हटा लिया जाता था। लेकिन इस बार ऐसा नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि इसकी वजह से आस– पास के लोगों के साथ कारोबारियों की परेशानी बढ़ गई है। गंदगी और मच्छर बढ़ते जा रहे है। नगर निगम में शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया गया है।

कांग्रेस के पूर्व महानगर नगर अध्यक्ष मुकेश सिंह चौहान का आरोप है कि नगर निगम केवल कुछ चुनिंदा इलाकों में सफाई का अभियान चला रहा है। मौजूदा समय जी– 20 और इंवेस्टर समिट की तैयारियों के अंतर्गत जो इलाके आते हैं बस वहीं काम किया जा रहा है। पूरे शहर में सफाई व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। समय से वेतन नहीं मिलने की वजह से सफाई कर्मचारी कई जगह हड़ताल पर चले जा रहे है। इससे पहले नगर निगम जोन पांच में सफाई का काम प्रभावित हो चुका है। पार्षद अरविंद यादव के इलाके में सफाई कर्मचारियों ने आना बंद कर दिया था। इसकी वजह से लोग खुले में कूड़ा फेंकने लगे थे। उन्होंने बताया कि कई दिन तक इलाके में काम प्रभावित हुआ था। स्थानीय लोगों द्वारा हंगामा और नगर निगम का घेराव करने की बात पर काम शुरू कराया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### शीत लहर से प्रभावित इलाको में ममता चैरिटेबल ट्रस्ट ने कम्बल ओढा कर लुटायी ममता

संवाददाता, लखनऊ। नर सेवा नारायण सेवा के मूलमंत्र के साथ प्रत्येक शीत लहर के कहर के बीच देवदूत बनकर ममता चौरिटेबल ट्रस्ट कंबल वितरण महाअभियान चलाकर गरीब लाचार वंचित एवं मजलूम के बस्तियों में कैंप लगाकर,घूम घूम कर कंबल वितरित करती हैं। आज बांगरमऊ, उन्नाव में ममता चौरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा कम्बल वितरण महाअभियान के अंतर्गत जरूरतमंद लोगो को कम्बल वितरण किया गया। लखनऊ के बस अड्डो, रेलवे स्टेशनो पर गरीब बेसहारा लोगो को कम्बल वितरित किया गया। चीफ ट्रस्टी एवं लोकप्रिय समाजसेवी राजीव मिश्रा ने कहा कि ट्रस्ट अपना महाअभियान तब तक जारी रखेगी जब तक हर गरीब तक कंबल नहीं पहुँच जाता। जब तक गरीब ठण्ड से कापेगा तब तक यह महाअभियान अनवरत जारी रहेगा।

### बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री ने मृतक आश्रितों को दिये नियुक्ति पत्र

संवाददाता, लखनऊ। उत्तर प्रदेश की महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य ने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र वितरित किये। इस अवसर पर उन्होने कहा कि जिन लोगों को नियुक्ति पत्र मिले है, वे सभी मन लगाकर एवं निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वाहन करें। साथ ही प्रदेश सरकार मृतक आश्रितों को शीघ्र अतिशीघ्र नियुक्ति देने के लिये गम्भीरता से कार्य कर रही है। बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री द्वारा अजमिल खां, यश रायजादा, सुमित प्रजापति जनपद झांसी, ममता अम्बेडकर जनपद कौशाम्बी, उमेन्द्र कुमार पाल पुत्र जनपद बांदा, लक्ष्मी नारायण विमल जनपद कन्नौज, आदित्य कुमार पाण्डेय जनपद महाराजगंज, शिवांगी गुप्ता पुत्री जनपद मथुरा, जलाजुद्दीन जनपद बस्ती, अरविन्द कुमार सिंह जनपद गाजीपुर के लिए कनिष्ठ सहायक पद हेतु तथा जय प्रकाश जनपद गाजीपुर के लिए चतुर्थ श्रेणी पद हेतु नियुक्ति पत्र दिये गये।

# पत्नी से बदला लेने के लिए कोर्ट से भागा शातिर गिरफ्तार

संवाददाता



लखनऊ। वजीरगंज थाना पुलिस ने पहले कोर्ट और फिर थाने से भागे गैंगस्टर विवेक मौर्या को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। 25 हजार का इनामी विवेक मौर्या पत्नी के प्रेमी के साथ भाग कर बिहार चले जाने का बदला लेने के लिए पुलिस अभिरक्षा से भागने की बात कही। वजीरगंज इंस्पेक्टर मनोज मिश्र के मुताबिक लखीमपुर निगासन गौरिया निवासी विवेक मौर्या उर्फ विपिन को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। विपिन को 4 नवंबर 2022 को जिला कारागार से एडीजे–19 की कोर्ट के समक्ष पेशी पर लगाया गया था। पेशी के दौरान विपिन पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। जिसके बाद उसको 17 दिसंबर 2022 को 16.15 बजे रेजीडेंसी तिराहा के पास गिरफ्तार किया गया था। विपिन को 18 दिसंबर 2022 को कोर्ट में पेश करना था। उससे पहले पुलिस कर्मियों को चकमा देकर थाने से फरार हो गया। उसकी तलाश में थाना और सर्विलांस टीम लगी थी। थाने से फरार होने के बाद वह उत्तराखंड में ठिकाना बनाए हुए था। लखनऊ से भाग कर दिल्ली और हरियाणा के बाद उत्तराखण्ड पहुंचा था। मुखबिर की सूचना पर विपिन को सोमवार को पकड़ा गया। पुलिस पूछताछ में विवेक मौर्या ने बताया कि जब से मैं जेल गया हूं, तभी से मेरी पत्नी बिहार के रहने वाले एक युवक के साथ रहने लगी। इसको लेकर पत्नी को सबक सिखाने के लिए भागने की योजना बना रहा था। जेल से भागने में दिक्कत होती, इसलिए पहले कोर्ट और फिर थाने से भागा। पुलिस के मुताबिक विपिन पर लखीमपुर से गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई हो चुकी है। उसके खिलाफ लखीमपुर और लखनऊ में कुल 22 मुकदमे दर्ज हैं।

# यूपी में सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट में अहम भूमिका निभाएगा कार्डिनल कारनेशन : अवनीश अवस्थी

संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार तथा पूर्व आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी ने विभूति खण्ड, गोमती नगर स्थित अर्बनैक बिजनेस पार्क में कार्डिनल कारनेशन के यूपी हेड ऑफिस का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि संस्थापक अभय श्रीवास्तव से उनकी मुलाकात यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 को लेकर अमेरिका में रोड़ शो के दौरान हुई थी। उत्तर प्रदेश में नोएडा तो सॉफ्टवेयर का हब है लेकिन लखनऊ में सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट के लिए बहुत अच्छा माहौल है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी यही चाहते हैं। कम्पनी को शुभकामनाएं देते हुए अवनीश अवस्थी ने कहा कि मैंने अभय श्रीवास्तव को सरकारी योजनाओं में भाग लेने के साथ योगी सरकार की मंशा से भी अवगत करवा दिया है। कार्डिनल कारनेशन के संस्थापक अभय श्रीवास्तव ने उत्तर प्रदेश के युवाओं को आईटी सेक्टर में रोजगार दिलवाने की बात करते हुए कहा कि पिछले पांच वर्षों में यूपी की तस्वीर बदल चुकी है और आज आईटी सेक्टर में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं। कम्पनी जॉनसन एंड जॉनसन, माइक्रोसॉफ्ट आदि के साथ मिलकर विभिन्न क्षेत्रों में सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट कर रही है। इस हेड ऑफिस से हम लोग ना केवल बीटेक एमटेक बल्कि आईटी सेक्टर से जुड़े हर युवा को ट्रेनिंग देंगे और रोजगार के अवसर भी उपलब्ध करवाएंगे। उद्घाटन समारोह में कार्डिनल कारनेशन की तरफ से प्रसन्ना, वैभव श्रीवास्तव, गौरव जुल्का, शाहनवाज खान और विश्वदीप भटनागर भी मौजूद रहें।

# पैरामेडिकल में रोजगार की अपार संभानाएं : ब्रजेश पाठक

## मिशन निरामया में 2 लाख छात्रों की हुई काउंसिलिंग

संवाददाता



लखनऊ। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा है कि प्रदेश में मिशन निरामया ने रफ्तार पकड़ ली है। इसके तहत दो लाख छात्रों की काउंसिलिंग हो चुकी है। अभियान से 240 से भी अधिक इंटर कॉलेजों के प्रिंसिपल जोड़े जा चुके हैं। अभियान से छात्र–छात्राओं के बीच नर्सिंग व पैरामेडिकल स्टाफ के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। उन्होंने बताया है कि मिशन निरामया में मास्टर ट्रेनर तैयार किए जा रहे हैं। ये मास्टर ट्रेनर अन्य स्कूलों के प्रिंसिपल को प्रशिक्षित करेंगे। अब तक 35 जिलों में 1600 से ज्यादा काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया जा चुका है। अभियान के तहत छात्र–छात्राओं को नर्सिंग व पैरामेडिकल में कैरियर बनाने की सलाह दी जा रही है। तैयारी व दाखिले की प्रक्रिया भी समझाई जा रही है। स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिए अच्छे डाक्टरों के साथ कुशल नर्सिंग व पैरामेडिकल स्टाफ की जरूरत होती है। नर्सिंग व पैरामेडिकल स्टाफ के हाथों में इलाज की बागडोर होती है। कुशल पैरामेडिकल स्टाफ की सेवा से मरीज जल्द ठीक होते हैं। इलाज के साथ मरीजों को मानसिक रूप से मजबूत बनाने में भी मदद मिलती है। नए सरकारी व प्राइवेट अस्पताल खुल रहे हैं। नये मेडिकल कॉलेज व संस्थान भी बनाए जा रहे हैं। ऐसे में छात्र–छात्राएं नर्सिंग व पैरामेडकल का प्रशिक्षण हासिल कर सकते हैं। सरकारी व प्राइवेट संस्थानों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# पीजीआई में पहलवान सुमित कुमार का सफल आपरेशन, जल्द लड़ेंगे कुश्ती

संवाददाता

लखनऊ।संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के एपेक्स ट्रामा सेंटर में पहलवान सुमित कुमार का जटिल आपरेशन किया गया। सुमित कुमार एक राज्य स्तरीय 60 किलो वर्ग कुश्ती चैंपियन है। ऐसी ही एक प्रतियोगिता में 27 अक्टूबर को बिहार में इनके बांए घुटने के जोड़ में एक लिंगामेंट इंजरी थी। एसीएल की चोट से भार उठाना मुश्किल हो गया था। साथ ही घुटना भी नहीं मुड़ रहा था। तो 3 जनवरी को पीजीआई के एपेक्स ट्रामा सेंटर में भर्ती कर तत्काल उनका उपचार शुरू किया गया। डॉक्टरो जांच के बाद अगले दिन ही डॉ. पुलक शर्मा व उनकी टीम ने सुमित के एसीएल का पुनः निर्माण किया। आपरेशन पूर्णतया सफल रहा। इस आपरेशन में डॉ. पुलक शर्मा के साथ डाक्टर अमरेन्द्र सिंह, डॉ. मंजूनाथ और डॉ. संजय शर्मा शामिल थे।

# 23 को मानव श्रृंखला का बनेगा रिकॉर्ड मुख्य सचिव ने दिए दिशा निर्देश

संवाददाता

लखनऊ। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती यानि 23 जनवरी को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से मानव श्रृंखला और सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण विश्व रिकॉर्ड बनाने की योजना बनाई गई है। मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, पुलिस आयुक्त और पुलिस अधीक्षकों को दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। सुबह 11 से कक्षा 8 से 12 के सभी विद्यालयों के छात्रों और उच्च शिक्षा के विद्यार्थी मानव श्रृंखला का निर्माण करेंगे।ऑनलाइन सड़क सुरक्षा की शपथ लेंगे। मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र की तरफ से अफसरों को दिशा निर्देश दिये हैं। मुख्य सचिव ने कहा है कि प्रदेश में उच्च प्राथमिक शिक्षा के 45605, माध्यमिक शिक्षा के 28928 और उच्च शिक्षा के 4025 विद्यालय हैं। मानव श्रृंखला में प्रत्येक जनपद में उच्च प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा के विद्यालयों के ज्यादा से ज्यादा छात्रों और सभी स्टेकहोल्डर विभागों की तरफ से अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की जाए जिससे एक विश्व रिकॉर्ड स्थापित हो सके। विद्यालयों और विभागों से करोड़ों की संख्या में मानव श्रृंखला में शामिल होते हुए प्रतिभागी सड़क सुरक्षा शपथ भी ग्रहण करें।यह कार्यक्रम इतने विशाल स्तर पर देश में पहली बार आयोजित किया जा रहा है। इसके गिनीज बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल होने की पूरी संभावना है। मानव श्रृंखला में सड़क सुरक्षा के स्टेकहोल्डर विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, एनजीओ, स्वयंसेवी संस्थाये, सामाजिक संगठन, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड के प्रतिनिधि भी सहभागी बनें। उच्च प्राथमिक और प्राथमिक विद्यालयों की संख्या के सापेक्ष प्रतिभाग करने वाले विद्यालयों की सहभागिता के प्रतिशत के आधार पर सर्वाधिक सहभागिता वाले तीन जनपदों के जिलाधिकारी,और सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन को सड़क सुरक्षा माह के समापन पर होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

# 2024 के तैयारियों में जुटी बीजेपी

## बूथ के मतदाताओं का जुटाएगी डाटा

संवाददाता

लखनऊ। जैसे–जैसे लोकसभा 2024 का चुनाव नजदीक आ रहा है केंद्र व राज्य कि सत्ता में राज कर रही बीजेपी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। पार्टी ने जुलाई के महिने से ही अपना मिशन 80 चला रखा है। जिसके तहत वह आगामी लोकसभा के आम चुनाव में प्रदेश कि सभी 80 सीटों पर कमल खिलाना चाहती है। इसके लिए पार्टी ने अपने कैबिनेट मंत्रियों सहित पार्टी व जिले में महत्वपूर्ण पदों पर बैठे पदाधिकारियों को क्षेत्र व काम बांट चुकी है। सूत्रों के मुताबिक बीजेपी हर जिले के बूथ स्तर पर जाकर मतदाताओं का डाटा जुटाएगी। इस दौरान हर बूथ पर पार्टी जातीय समीकरण और आर्थिक स्थिति का डाटा जुटाकर भविष्य में उस पर रणनीति बनाएगी। आपको बता दे कि पार्टी का जोर इस बार उन सीटों व बूथों पर ज्यादा होगा। जहां पार्टी कभी नहीं जीती या सबसे अंतिम पायदान पर रहती है। इसी के तहत बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी अपने दूसरे कार्यकाल का पहला चुनावी जनसभा उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले से कर रहे है। आपको बता दे कि यूपी बीजेपी ने 18 जनवरी को प्रदेश मुख्यालय पर प्रदेश भर के सभी जिलाध्यक्षों व जिला प्रभारियों के लिए क्लास का आयोजन कर रखा है। जिसमें पार्टी इन सभी लोगों को डाटा प्रबंधन का गुण सिखाएगी। इस दौरान मतदाताओं के साथ सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों का भी आंकड़ा जुटाया जाएगा। उत्तर प्रदेश में होने वाले नगर निगम चुनावों को भी लेकर पार्टी काफी सचेत है। वह प्रदेश में होने वाले नगर निगम चुनावों को लोकसभा 2024 का सेमी फाइनल मान रही है। पार्टी इस बार किसी भी प्रकार का रिस्क नहीं लेना चाहती इसलिए उसने पहले से ही अंदरखाने प्रत्याशियों को तैयारी करने का आदेश दे रखा है। बता दें कि पिछले दिनों बीजेपी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष लखनऊ पहुंचे थे। संगठन को चुस्त–दुरुस्त करने के लिए लखनऊ पहुंचे बीएल संतोष ने बैठक ली थी और चुनाव को लेकर पार्टी की रणनीति के साथ ही संगठन के स्तर पर खामियों को लेकर भी चर्चा हुई थी। बीएल संतोष की बैठक में सभी 80 सीटें जीतने के लिए सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों पर फोकस करने और नेताओं के मतदाताओं के बीच रहने की बात तय हुई थी।

## सम्पादकीय

### बाड़ खाये खेत

यह घटनाक्रम परेशान करने वाला है कि जिन लोगों पर किसानों की मेहनत से उगाये अन्न के संरक्षण व न्यायसंगत वितरण का दायित्व था, वे ही निहित स्वार्थों के लिये इसको ठिकाने लगाने में शामिल थे। देश के नीति-नियंताओं ने जिस विभाग की स्थापना किसान को न्यायसंगत दाम देकर भूख के कारगर समाधान के लिये की थी, उसी विभाग की काली भेड़ें आज घोटालों व हेराफेरी में लिप्त पाई गयी हैं। इस बात की पुष्टि सीबीआई द्वारा पंजाब,हरियाणा व दिल्ली के पचास ठिकानों पर हुई दबिश से होती है। इस छापे में जहां भारतीय खाद्य निगम के चंडीगढ़ स्थित उप महाप्रबंधक व एक एग्रो इंडस्ट्री के मालिक को गिरफ्तार किया है, वहीं चौहत्तर लोगों के खिलाफ केस दर्ज किये गये हैं। इतना ही नहीं, अस्सी लाख से अधिक की नकदी भी बरामद हुई है। कैसी विडंबना है कि जिन लोगों पर खाद्यान्न संरक्षण का दायित्व था वे ही इसकी बंदरबांट में लगे थे। आपराधिक कृत्य देखिये कि कुछ अनाज के व्यापारी व निजी चावल मिल मालिक घटिया अनाज सस्ती दरों में खरीदकर अधिकारियों की जेब गर्म करने के बाद एफसीआई को ऊंचे दामों में बेचकर गोदामों में रखवा देते थे। दुर्भाग्य की बात है कि यही अनाज सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत गरीब व कमजोर वर्ग के लोगों को बांटा जाता था। पता नहीं कब से यह गोरखधंधा चल रहा था। इस छापे में बरामद मोटी रकम घोटाले के आकार की ओर इशारा करती है। निस्संदेह, सीबीआई का 'ऑपरेशन कनक' भ्रष्ट अधिकारियों के लिये एक सबक साबित होगा और भविष्य में हेराफेरी करने से पहले कई बार सोचेंगे। पक्की बात है कि सीबीआई की जांच में भविष्य में कुछ बड़े खुलासे होंगे और विभाग की कई बड़ी काली भेड़ें सामने आएंगी। फिलहाल भी एफसीआई के एक कार्यकारी निदेशक समेत 74 लोगों के खिलाफप्राथमिकी दर्ज की गई है। इन लोगों में विभाग के कुछ सेवानिवृत्त अधिकारी, कुछ संस्थाएं और बिचौलिये किस्म के आम लोग भी शामिल हैं। निस्संदेह, यह गोरखधंधा कई वर्षों से चल रहा होगा। इस घोटाले में एफसीआई द्वारा आउटसोर्स किये गये बेनामी गोदामों को भ्रष्टाचार का जरिया बनाया गया। इस बात की पुष्टि सीबीआई अधिकारियों ने भी की है। जिसमें पंजाब सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों की भूमिका को भी संदिग्ध बताया जाता है। निस्संदेह, भारतीय खाद्य निगम, कारोबारियों व प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा बनाये भ्रष्टाचार के नापाक गठजोड़ पर सीबीआई की चोट एक स्वागत योग्य कदम है। बेहतर होता कि वर्षों पहले इस तरह के अपवित्र गठबंधन की लगातार निगरानी होती। कहना कठिन है कि भ्रष्ट अधिकारियों का यह निंदनीय कृत्य कब से चल रहा था और कितने गरीब व जरूरतमंद लोग घटिया अनाज लेने को मजबूर रहे होंगे। कहीं न कहीं इस तरह के मामलों में किसानों के साथ भी अन्याय होता रहा है। सिंडिकेट के जरिये घटिया अनाज खरीदकर सार्वजनिक वितरण प्रणाली को चूना लगाया जाता रहा है। उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने भ्रष्ट भारतीय खाद्य निगम के अधिकारियों, चावल मिल मालिकों तथा बिचौलियों के सिंडिकेट में शामिल लोगों की पहचान के लिये छह माह तक अंडरकवर ऑपरेशन चलाया। तब जाकर इस गोरखधंधे में शामिल बड़ी मछलियां हाथ आईं। आमतौर पर मान्यता रही है कि महिला अधिकारी ईमानदारी से अपने विभागीय दायित्वों का निर्वहन करती हैं, लेकिन इस छापे में एक महिला अधिकारी के घर की वॉशिंग मशीन से लाखों की नकदी बरामद की गई। निस्संदेह, अभी इस अपवित्र गठबंधन की और परतें खुलेंगी। बहुत संभव है कि चारे घोटाले की तरह इस मामले का दायरा विस्तृत निकले। खुलासा हुआ है कि जो निविदाएं आमंत्रित की जाती थी उनमें भी रिश्वत ली जाती थी। एफसीआई द्वारा भंडारण के लिये आउटसोर्स किये गये कई बेनामी गोदामों के मालिक भी सीबीआई के रडार पर हैं। अभी इस छापे में बरामद दस्तावेज, पुलिस की पूछताछ तथा डिजिटल उपकरणों से कई काले सच सामने आएंगे।

### जोशीमठ के सवाल

दुनिया के तमाम अग्रणी देशों की एक खासियत है कि वे आगे की ओर कदम बढ़ाते हैं, लेकिन अपनी विरासत को पूरी ईमानदारी से बचा कर भी रखते हैं। और विरासत का अर्थ केवल पुराने रीति-रिवाज नहीं होता, बल्कि इसमें कला, संस्कृति, इतिहास को सहेजने-संभालने की बात है। लेकिन भारत इस मामले में एक नयी मिसाल कायम कर रहा है। हम बार-बार गौरवशाली सभ्यता और संस्कृति का दंभ भरते हैं, लेकिन हमारी ऐतिहासिक इमारतें, प्राचीन शहर तबाह होते हैं तो समाज के एक बड़े तबके को उससे कोई फर्क नहीं पड़ता। जबकि सरकार ऐसे गंभीर मसलों को भी राजनीति की तुला पर तौलती दिखती है। अयोध्या में 5 सौ साल पुरानी बाबरी मस्जिद ढहा दी गई, और बहुसंख्यक समाज ने इसमें धर्म की जीत देखी। कई ऐतिहासिक इमारतों पर इसी तरह की जीत की इबारत लिखने की कोशिश की जा रही है। इसी तरह कई प्राचीन तालाब, बावड़ियां, पानी के स्रोत बर्बाद हो गए, लेकिन हम बेपरवाह बने रहे। देश के बेशकीमती जंगल कटते चले गए, उस वजह से जानवरों के अस्तित्व पर संकट बन आया, लेकिन हम विदेश से चीते मंगवाकर खुश हैं। पहाड़, जंगल, समुद्र, नदियां ये सब समाज के धनाढ्य वर्ग के लिए पिकनिक स्पॉट बन गए और मध्यमवर्ग उनका अनुसरण करते हुए अपनी छुट्टियों में इसी तरह की पिकनिक करने लगा। इन मौज मस्तियों में कोई कमी न आए, पिकनिक करने वालों को सारी सुविधाएं मिलें, इसका ख्याल रखने वाला व्यवसाय भी शुरु हो गया, जिसके लिए तमाम नियमों-कानूनों को ताक पर रखा जाने लगा। इस वक्त जोशीमठ को हम जिस तरह खत्म होते देख रहे हैं, वह इसी पिकनिक और विकास की क्रोनोलॉजी का एक पड़ाव है। प्रधानमंत्री मोदी विदेशी निवेशकों को भारत में संभावनाएं दिखाते हैं। लेकिन दुनिया को यह भी दिख रहा है कि कैसे एक सुंदर, ऐतिहासिक शहर इस देश में खत्म हो रहा है, यहां के बाशिंदे अपने भविष्य को लेकर परेशान हैं और सरकार अभी मुआवजे की राशि तय करने में लगी हुई है कि किसी को उसके घर से उजाड़ने की कीमत क्या हो सकती है। जोशीमठ में इमारतों और मकानों में दरारों के बाद अब वहां से लोगों को कैसे निकाला जाए और कैसे असुरक्षित भवनों को गिराया जाए, इस पर अब सरकार बैठकें कर रही है। वैज्ञानिकों की एक टीम 13 जनवरी को जोशीमठ पहुंच रही है, जो यह पता लगाएगी कि जोशीमठ क्यों धंस रहा है। इस बीच जोशीमठ में मौसम बदल गया है। वहां बारिश और बर्फने लोगों की तकलीफऔर बढ़ाने का काम किया है। जोशीमठ के हालात पर एक उच्चस्तरीय बैठक देश के गृहमंत्री अमित शाह ने बुलाई और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से कहा कि विस्थापितों की मदद में कोई कमी नहीं होने पाए। मुख्यमंत्री ने भी प्रभावित परिवारों को भरोसा दिया है कि सरकार के राहत पैकेज पर लोग भरोसा रखें। किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी। मुख्यमंत्री धामी ने हर विस्थापित परिवार को डेढ़ लाख रुपये की अंतरिम सहायता देने की घोषणा की है और कहा है कि मुआवजा बाजार दर पर मिलेगा। ऐसा प्रतीत होता है कि केंद्र और राज्य सरकारें जोशीमठ में लोगों को राहत पहुंचाने में जुट गई हैं। अच्छी बात है कि वे अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं। लेकिन सवाल अब भी वही है कि एक अच्छे-खासे सांस लेते शहर का गला घोंटने का काम किसने किया। जब इस प्राचीन शहर को बर्बाद किया जा रहा था, तब सरकार और प्रशासन इसकी अनदेखी क्यों कर रहे थे। नियमों के मुताबिक पर्वतीय क्षेत्रों में 12 मीटर यानी चार मंजिल से अधिक ऊंचाई के भवन का निर्माण नहीं किया जा सकता। यह भी तभी संभव है जबकि निर्माण वाले क्षेत्र का अध्ययन हुआ हो। लेकिन जोशीमठ में सात-सात मंजिला इमारतें बनीं। तो सवाल उठना लाजिमी है कि इस तरह के अविचारित निर्माण का जिम्मेदार कौन है। किसी भी शहर का मास्टर प्लान तैयार करने के लिए उसकी भौगोलिक, भूगर्भीय, स्थिति जल स्त्रोत, सड़क, वनस्पतियों आदि सभी का ध्यान रखा जाता है। उस शहर की मिट्टी का कितना भार सह सकती है, इसकी वैज्ञानिक जांच होती है। 10-20 बरसों में जनसंख्या का दबाव कितना बढ़ेगा और शहर उसे किस तरह वहन करेगा ।

## स्वाधीनता की अंतर्निहित शक्ति को आत्मसात कर वैश्विक नेतृत्व की जिजीविषा पैदा करें

**संजीव ठाकुर**

हमें स्वतंत्रता प्राप्ति के 76 वां वर्ष माना रहे हैं। हम स्वाधीनता का अमृत महोत्सव वर्ष मना चुके हैं पर इस अमृत महोत्सव के पीछे हमें यह नहीं भूलना है कि भारत देश अब एक स्वतंत्र, आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में वैश्विक स्तर पर ख्याति प्राप्त कर चुका है। अब समय आ गया है कि भारत के तमाम बुद्धिजीवियों,नौजवानों के वैज्ञानिकों और शिक्षित देशवासियों को वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर होने की क्षमता को द्विगुणित करना होगा और विश्व के एक प्रबल नेता की तरह हमें अपनी शक्ति प्रदर्शित करनी होगी। कई वर्षों की परतंत्रता के बाद अनेको जीवन का बलिदान देने और विभिन्न कठोर संघर्षों के बाद हमें स्वतंत्रता प्राप्त हुई है। इस स्वतंत्रता और स्वाधीनता के मूल्य और इसकी अंतर्निहित शक्ति को देश के नौजवानों,शिक्षित नागरिकों को आत्मसात कर इसे पहचानना होगास समाज के हर वर्ग की खून पसीने और पीढीयों के संघर्ष के बाद प्राप्त स्वतंत्रता को हमें देश की एकता, अखंडता एवं सामाजिक समरसता की शक्ति से चिरकाल तक स्थाई रूप से बनाए रखना है। स्वतंत्रता के महत्व को समझ कर भारत को वैश्विक स्तर पर श्रेष्ठतम मुकाम पर पहुंचाना होगा तब जाकर स्वाधीनता के सही मायने फलीभूत होंगे। हमें स्वतंत्रता संग्राम के संघर्ष और बलिदान को किसी भी क्षणों में नहीं भुलाना चाहिए, हमें हाथ में रखकर किसी ने परोस के स्वतंत्रता नहीं दी है, इसके लिए बहाये हुए खून पसीने को विस्मृत न कर के इस की आन बान शान को हमेशा ऊंचा रखना होगा। कभी स्वतंत्रता पर खतरा ना आए इसके लिए यह हमारे देश के दिग्दर्शकों को अपनी कर्मठ जिजीविषा से बनाए रखना होगा। स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद हमारी एकता, अखंडता एवं एकरूपता मजबूत हुई है, पर कतिपय राजनैतिक मंसूबों के कारण आज हम सांप्रदायिकता, क्षेत्रीयता, जातीयता और अलग-अलग भाषाओं के संघर्षों से गुजर रहे हैं। हम आज मंदिर ,मस्जिद, गुरुद्वारा और चर्च के विवाद को लेकर विवाद ग्रस्त हो जाते हैं । कभी हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, पंजाबी,मराठी,तेलगु,और कभी असमी भाषा के असमंजस में फंस कर एक दूसरे का विरोध जताना शुरू कर देते हैं। मूलतः हमें राष्ट्रीय अखंडता को बनाए रखने के लिए सांप्रदायिकता के विद्वेष, ईर्ष्या, जलन और सीमा तथा भाषाई विवाद से परे हटकर देश में अखंडता, सांप्रदायिक सद्भावना का एक शुद्ध वातावरण समाज में तैयार करना होगा, जिसके फलस्वरूप हम विकास की मुख्यधारा में अपना व्यक्तिगत योगदान राष्ट्र के प्रति दे संके। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी ने कहा था कि ष्भारत संपूर्ण विश्व में एक अकेला ऐसा राष्ट्र है जहां मंदिरों ,मस्जिदों, गिरजाघरों और गुरुद्वारों का एक एकात्मक सह अस्तित्व कायम है। वर्तमान समय में वैश्विक स्तर पर आतंकवाद शांति सद्भावना एवं किसी भी राष्ट्र की अखंडता एकता एकरूपता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। आतंकवादी कभी अमेरिका और कभी भारत के दिल्ली, मुंबई और अनेक प्रदेशों को अपना निशाना बनाकर आतंक फैलाने का प्रयास करते हैं और आतंकवाद ने कई राज्यों में अपार जनहानि तथा संपत्ति की क्षति पहुंचाई है। इसके अतिरिक्त अलगाववादियों ने भी राष्ट्रीय एकता अखंडता को भंग करने का पुरजोर प्रयास किया है। राजनीतिक पार्टियों के मंसूबों तथा उनकी महत्वाकांक्षाओं के कारण भी अलग-अलग जातियों संप्रदाय तथा पूजा के पवित्र स्थानों को लेकर समाज को अलग करने का बीजारोपण भी किया है। राजनीतिक पार्टियों के चंद राजनेता वोट बैंक बनाने के लिए कभी अल्पसंख्यकों में अलगाव के बीच बोलने का प्रयास करते हैं। कभी आरक्षण के नाम पर पिछड़े वर्गों को देश की मुख्यधारा से बहकाने का प्रयास करते हैं, और कभी किसी विशेष जाति प्रांत या भाषा के हकदार बन कर देश की एकता, अखंडता को खंडित करने का पुरजोर प्रयास करते हैं।




यह अत्यंत निंदनीय एवं चिंतनीय सामाजिक पहलू है, जिस संदर्भ में हमें गहन विचार करने की आवश्यकता भी है। सामाजिक स्तर पर हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई एवं अन्य वर्ग सुचारू रूप से भाईचारे में अखंड विश्वास रखते हैं एवं सामान्य जीवन करने में विश्वास रखते हैं। पर राजनैतिक मंसूबों के कारण कुछ राजनेता इन सभी संप्रदायों को आपस में लड़वाकर अपना उल्लू सीधा करने का प्रयास करते हैं। पर यह एक अत्यंत विचारणीय पहलू है कि राष्ट्रीय अखंडता एकता तथा सहयोग को बनाए रखने के लिए केवल राजनेता या प्रशासनिक अधिकारियों का कार्य न होकर हम सबका यह कर्तव्य भी है कि हमें एकजुट होकर राष्ट्र सर्वोपरि की भावना को सदैव बनाए रखने का सतत प्रयास करना चाहिए। हम यदि ऐतिहासिक रूप से देखें की अनेक धर्मो जातियों और अनेक भाषाओं वाला भारत देश पूर्व में अनेक विसंगतियां के बावजूद सदैव एकता के सूत्र में बंधा रहा है। भारत देश में पूर्व में भी अनेक विदेशी जातियां आई और धीरे-धीरे भारत की मूल धारा में समाहित होती गई। भारत में आगमन के साथ इन्हीं जातियों की परंपराएं, विचारधाराएं, संस्कृति, संस्कार भारत की मुख्य धारा में एक रूप हो गई और भारत की सांप्रदायिक सौहार्द की भावना आज भी वैसी की वैसी ही है। भारत के जिम्मेदार नागरिक होने के कारण हमारी बड़ी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम इस देश की अखंडता एकता समरूपता और परंपरा को मजबूत बनाकर विश्व के सामने एक मिसाल के रूप में पेश करें। यह सार्वभौमिक सत्य है कि कोई देश यदि संगठित एक रूप और शक्तिमान होता है तो सारा विश्व उसकी इस ऊर्जा शक्ति को चिन्हित कर उसका सम्मान करता है। और उस पर आक्रमण या किसी भी तरह के प्रतिबंध लगाने से भयभीत रहता है। जब तक हम एकता के सूत्र में बंधे तब तक हम मजबूत एवं शक्तिशाली हैं और जब हम खंडित या विघटित हुए तब तब देश कमजोर हुआ है। अब हमें इन विघटनकारी ताकतों और विध्वंस कारी शक्तियों को नियंत्रण में लाकर इन्हें देश से बाहर भगाना होगा और इन पर प्रभावी नियंत्रण कर के देश की संप्रभुता एकता को बनाए रखना होगा। इसके लिए देश के संचार माध्यम, मीडिया, साहित्यकारों, कलाकारों को राष्ट्रीय एकता के लिए अपने को समर्पित भाव से सामने लाकर देश की सेवा करनी होगी।

## बने विजेता वो सदा, ऐसा मुझे यकीन आँखों में आकाश हो, पांवों तले जमीन

**प्रियंका सौरभ**

जीवन में सफल होने के लिए धैर्य रखना और अपने सपनों के लिए समर्पित रूप से कड़ी मेहनत करना महत्वपूर्ण है। जीवन में कुछ भी मुफ्त नहीं है, और इसलिए हमें जीवन में बड़ी चीजें हासिल करने के लिए अपने सभी प्रयास करने और अपनी सीमाओं को चरम तक पहुंचाने की जरूरत है। इसके अलावा, असफलताएं और निराशा वास्तव में हर किसी की यात्रा का हिस्सा होती हैं, और हमें उन्हें वैसे ही स्वीकार करना चाहिए जैसे वे आती हैं। हमें हमेशा वर्तमान पर ध्यान देना चाहिए और एक बेहतर और सुखद कल बनाने के लिए इसे पूरी सावधानी और समर्पण के साथ करना चाहिए। हमें बोलना कम और काम ज्यादा करना चाहिए। यह न केवल हमें न्यूनतम संभव समय में अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेगा बल्कि हमारे महत्वपूर्ण कार्यों में निवेश करने के लिए कुछ आवश्यक ऊर्जा भी देगा। दुनिया को केवल इस बात की परवाह है कि हम क्या करते हैं, न कि हम क्या कहते हैं कि हम क्या करेंगे। जो शब्द हम आम तौर पर कहते हैं, वे हमारे द्वारा किए जाने वाले कार्यों की तुलना में बहुत कम महत्व रखते हैं। हमें बोलना कम और काम ज्यादा करना चाहिए। यह न केवल हमें न्यूनतम संभव समय में अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेगा बल्कि हमारे महत्वपूर्ण कार्यों में निवेश करने के लिए कुछ आवश्यक ऊर्जा भी देगा। इस तथ्य को समझना जरूरी है कि हमारे पास जो ऊर्जा है वह वास्तव में सीमित है, और इसलिए इसे बुद्धिमानी से उपयोग करना बहुत आवश्यक हो जाता है। इस तथ्य को स्वीकार करना महत्वपूर्ण है कि हमारे कार्य हमें परिभाषित करते हैं न कि हमारे विकल्पों को। एक विजेता हमेशा सही विचारों को अच्छे कार्यों में बदलने के तरीके खोजता है। वह अपने सपनों को देने और उन्हें हकीकत में बदलने के तरीकों की तलाश करेगा। साथ ही, याद रखें कि वास्तविकता कठिन है और इतनी सरल नहीं है जितना हम इसे मान लेते हैं। बाद में भागदौड़ से बचने के लिए हमें अपने कार्यों को पहले ही पूरा कर लेना चाहिए। अपने फैसलों को ध्यान से देखना और उनका आत्मनिरीक्षण करना भी जरूरी है। हमारे कार्य शब्दों से ज्यादा हमारी प्रतिष्ठा और अखंडता को परिभाषित करते हैं। हम जो कहते हैं उसे करने में असफल होना और इस व्यवहार को बार-बार दोहराना हमारे चरित्र के लिए हानिकारक है जो दूसरे हमें समझते हैं। यह हमारी विश्वसनीयता को मिटा देता है। यदि हम वह नहीं करते जो हम कहते हैं कि हम करने जा रहे हैं, तो हमारी विश्वसनीयता कम हो जाती है। हमारे प्रत्येक वादे के बाद और इसे पूरा करने में विफल रहने से हमारी सत्यनिष्ठा भी कम हो जाती है। इसके बाद हमारी बातों का कोई मतलब नहीं है। यह अविश्वास भी पैदा करता है। भरोसा छोटी-छोटी क्रियाओं पर बनाया जाता है, न कि फिल्मों के लिए बने नाटकीय पलों पर। अंत में, यह अवसर को सीमित करता है। जब हमारी टीम किए गए वादों पर भरोसा नहीं कर सकती है, तो हमारे लिए खुद को साबित करने के अवसर कम होते जाएंगे। यदि आप किसी ऐसे व्यक्ति के रूप में जाने जाते हैं जो वादों और अपेक्षाओं को पूरा नहीं करता है, तो आपको परिणाम भुगतने होंगे। अपने शब्द का कोई बनने का प्रयास करें। खासकर जब यह एक ष्छोटी बातष् है, तो सुनिश्चित करें कि आप इसे करते हैं। आखिरकार, यदि आप ष्छोटी चीजोंष् में असफल होते हैं, तो कोई भी ष्बड़ी चीजोंष् पर आप पर भरोसा नहीं करेगा। इस तथ्य को स्वीकार करना महत्वपूर्ण है कि हमारे कार्य हमें परिभाषित करते हैं न कि हमारे विकल्पों को। एक विजेता हमेशा सही विचारों को अच्छे कार्यों में बदलने के तरीके खोजता है। वह अपने सपनों को हकीकत में बदलने के तरीकों की तलाश करेगा। आप जो कहते हैं उसे लगातार करते रहना ईमानदारी की बुनियाद है। दुनिया को केवल इस बात की परवाह है कि हम क्या करते हैं, न कि हम क्या कहते हैं कि हम क्या करेंगे। जो शब्द हम आम तौर पर कहते हैं, वे हमारे द्वारा किए जाने वाले कार्यों की तुलना में बहुत कम महत्व रखते हैं। याद रखें कि जीवन वास्तव में एक खेल है और इसलिए हम सभी को जीतने का प्रयास करना चाहिए। असफलता और निराशा वास्तव में हर किसी के जीवन का एक हिस्सा है और इन चीजों के बारे में अधिक सोचना बेकार है। वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करना और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करना और अतीत के बारे में भूलना अधिक महत्वपूर्ण है। याद रखें कि विजेता अलग चीजें नहीं करते हैंय वे बस अलग तरीके से करते हैं। जीवन में सफल होने के लिए धैर्य रखना और अपने सपनों के लिए समर्पित रूप से कड़ी मेहनत करना महत्वपूर्ण है। जीवन में कुछ भी मुफ्त नहीं है, और इसलिए हमें जीवन में बड़ी चीजें हासिल करने के लिए अपने सभी प्रयास करने और अपनी सीमाओं को चरम तक पहुंचाने की जरूरत है। इसके अलावा, असफलताएं और निराशा वास्तव में हर किसी की यात्रा का हिस्सा होती हैं, और हमें उन्हें वैसे ही स्वीकार करना चाहिए जैसे वे आती हैं। हमें हमेशा वर्तमान पर ध्यान देना चाहिए और एक बेहतर और सुखद कल बनाने के लिए इसे पूरी सावधानी और समर्पण के साथ करना चाहिए। हमें बोलना कम और काम ज्यादा करना चाहिए। यह न केवल हमें न्यूनतम संभव समय में अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेगा बल्कि हमारे महत्वपूर्ण कार्यों में निवेश करने के लिए कुछ आवश्यक ऊर्जा भी देगा। इस तथ्य को समझना जरूरी है कि हमारे पास जो ऊर्जा है वह वास्तव में सीमित है, और इसलिए इसे बुद्धिमानी से उपयोग करना बहुत आवश्यक हो जाता है। व्यक्ति को हमेशा समय की कद्र करनी चाहिए क्योंकि इसी से हमारा जीवन बना है। इसलिए जीवन में बड़ी चीजें हासिल करने के लिए हमें शुरू से ही बेसिक्स पर काम करने और अपने आधार को मजबूत करने की जरूरत है। जीवन में हमेशा याद रखिये- बने विजेता वो सदा, ऐसा मुझे यकीन। आँखों में आकाश हो, पांवों तले जमीन।।

## हिंदुओं के आराध्यों पर हमले होते रहते हैं, सरकारें और अदालतें बस देखती रहती हैं

**नीरज कुमार दुबे**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वैसे तो सुशासन बाबू के नाम से जाने जाते हैं लेकिन आजकल उन्हें पता नहीं क्या हो गया है। बिहार में क्या हो रहा है? कौन मंत्री क्या बयान दे रहा है इस पर उनसे सवाल पूछो तो उन्हें कुछ पता ही नहीं होता। बिहार में चल क्या रहा है? पहले सत्तारुढ़ गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने कहा कि राम मंदिर नफरत की जमीन पर बनाया जा रहा है। अब बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने रामचरितमानस को नफरत फैलाने वाला ग्रंथ बता दिया है। क्या इस देश में हिंदुओं की भावनाओं पर प्रहार पर प्रहार किये जाते रहेंगे? कभी कोई सर तन से जुदा की धमकी देता है तो कभी कोई राम का, शिव का या देवी दुर्गा का अपमान कर देता है। लेकिन हिंदू से अपेक्षा की जाती है कि वह सहिष्णु रहे, कानून को उसका काम करने दे। हिंदू सहिष्णु बना रहता है, कानून को उसका काम करने देता है और एक दिन न्याय मिलने



की आस में अपने आराध्यों पर हमला होते देखता रहता है। सवाल उठता है कि क्या कर रही हैं हमारी सरकारें? क्यों वह मंत्रियों या नेताओं के विवादित बयानों पर चुप्पी साधे रहती हैं? सवाल उठता है कि अदालतों की ओर से ऐसे मामलों पर क्यों स्वतः संज्ञान नहीं लिया जाता? मंत्री पद की शपथ के दौरान कहा जाता है कि मैं बिना किसी भेदभाव के काम करूंगा। लेकिन क्या हिंदू समाज के आराध्य के बारे में ऐसी बयानबाजी भेदभाव नहीं है? सवाल तो कई हैं लेकिन जवाब नेता देंगे नहीं इसलिए जवाब देने की जिम्मेदारी भी जनता को ही निभानी होगी। लोकतांत्रिक तरीके से हर उस नेता को जवाब देना चाहिए जो नफरत के बीज बोकर अपने चुनावी हित साधना चाहता है या तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा देता है। वैसे जगदानंद सिंह के बाद चंद्रशेखर का बयान यही दर्शाता है कि यह कोई संयोग नहीं बल्कि वोटबैंक की राजनीति का प्रयोग है। दूसरी ओर, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वैसे तो सुशासन बाबू के नाम से जाने जाते हैं लेकिन आजकल उन्हें पता नहीं क्या हो गया है। बिहार में क्या हो रहा है? कौन मंत्री क्या बयान दे रहा है इस पर उनसे सवाल पूछो तो उन्हें कुछ पता ही नहीं होता। राजधानी पटना में छात्रों पर लाठीचार्ज होने पर जब उनसे सवाल पूछा जाता है तो वह कहते हैं कि मुझे पता नहीं कहां लाठीचार्ज हुआ। मंत्री के विवादित बयान पर उनसे सवाल पूछा जाता है तो वह कह देते हैं कि मैंने बयान देखा नहीं है। क्या ऐसे ही चलती हैं सरकारें? हमारे मंत्री, मुख्यमंत्री कब यह बात समझेंगे कि जनता नासमझ नहीं है? बिहार में स्कूलों और शिक्षा की क्या स्थिति है यह किसी से छिपा नहीं है। उस पर से शिक्षा मंत्री जो ज्ञान बिखेर रहे हैं उससे नफरत बढ़ रही है। शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने रामचरितमानस की चौपाइयों की जो व्याख्या अपने शब्दों में की है उसने नाहक का विवाद खड़ा कर दिया है। बिहार के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने यदि उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की तो ऐसे बयान देने वालों का हौसला बढ़ेगा। नेताओं को समझना होगा कि वही समाज या देश तरक्की कर सकता है जहां शांति हो और शांति तथा समृद्धि विवादित बयान देकर माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने से नहीं आती।

## 100 पत्नियां और 500 बच्चें, इस राजा की कहानी ज्यों दुनियाभर में चर्चा का विषय बनी

**अभिनय आकाश**

कैमरून में एक स्थानीय परंपरा के अनुसार, राजा की मृत्यु के बाद, उसका बेटा, नया राजा, उसकी सभी पत्नियों और बच्चों को विरासत में देता है। सभी रानियों से अबुम्बी के 500 बच्चे हैं। राजाओं की आलोचना करना आसान है, लेकिन अक्सर हम यह भूल जाते हैं कि वे इस पद के लिए चुने नहीं गए थे और आधुनिक राजा और रानियां ज्यादातर अपने देशों में परंपरा और यथास्थिति को बनाए रखने से संबंधित हैं। उन्हें केवल अपने शाही पूर्वजों द्वारा निर्धारित उदाहरण का पालन करना होता था। वे कभी-कभार अजीब परंपराओं का भी पालन करते थे। और कभी-कभी राज्य में अजीबोगरीब नियम होते हैं जो दुनिया के बाकी हिस्सों में लागू नहीं होते हैं। पुराने वक्त के इतिहास को देखें तो हमें राजाओं की कई रानियों और उनके ढेरों बच्चों की कहानी सुनने को मिल जाएगी। लेकिन आपको आश्चर्य तब होगा जब पता चले कि आधुनिकता के इस युग में भी किसी राजा की दर्जनों रानियां और सैकड़ों बच्चे हो जाए। अफ्रीका के कैमरुन में अबुम्बी द्वितीय की करीब 100 पत्नियां हैं। वर्ष 1968 में अपने पिता की मौत के बाद वो बुफेट के 11वें राजा बने थे। इस जगह बहुविवाह कानूनी रूप से मान्य है। ग्रामीण इलाकों में लोग एक से अधिक शादियां करते हैं। लेकिन वे अधिकतम कितनी शादियां कर सकते हैं, इसके बारे में कोई तय सीमा नहीं है। 1968 में अपने पिता की मृत्यु के बाद अबुम्बी प्प् कैमरून में 11वां फॉन या बाफुत का राजा बन गए। चूंकि पुरुषों के लिए एक से अधिक पत्नियों से शादी करना कानूनी और पारंपरिक दोनों है, और पत्नियों की संख्या की कोई सीमा नहीं है, अबुम्बी प्प् अपने स्वर्गीय पिता से 72 रानियों और उनके बच्चों को विरासत में मिला, जैसा कि कैमरून में शाही परिवारों में प्रथागत है। कैमरून में एक स्थानीय परंपरा के अनुसार, राजा की मृत्यु के बाद, उसका बेटा, नया राजा, उसकी सभी पत्नियों और बच्चों को विरासत में देता है। सभी रानियों से अबुम्बी के 500



बच्चे हैं। आमतौर पर रानियां अच्छी वक्ता होती हैं। कई भाषाओं की जानकारी होती है और पढ़ी लिखी होती है। कैमरुन में बहु विवाह को कई बार चुनौती भी दी जा चुकी है। इसके बावजूद भी किंग का कहना है कि उनका काम है कि वह अपने लोगों की संस्कृति और स्थानीय परंपरा का संरक्षण करें।

# खरेला पुलिस ने लोडर से नौ बोरी अवैध मिश्रित गुटखा पकड़ा

संवाददाता

महोबा। खरेला पुलिस ने वाहनों की चेकिंग के दौरान एक लोडर( पिकअप) में चोरी से ले जाए जा रहे अवैध गुटखा को बरामद किया। जांच के दौरान लोडर में 9 बोरी मिश्रित गुटखा मिला। चालक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। गुटखा को पुलिस ने कब्जे से लेकर जांच प्रारंभ की है। खरेला थाना प्रभारी गणेश कुमार को मुखबिर से सूचना मिली कि एक लोडर (पिकअप) में खरेला की ओर से चोरी से गुटखा लाया जा रहा है। पुलिस वाहनों की चेकिंग



के लिए लग गए। उसी दौरान बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के पुल के नीचे से गुजर रहे लोडर (पिकअप) को रोका। लोडर का तिरपाल हटाया गया तो उसमें बोरियां लदी थी । जहां जांच के दौरान 9 बोरियों में अर्ध निर्मित मिश्रित तंबाकू गुटखा मिला। जिसमें 6 बोरियों अर्ध निर्मित तंबाकू थी। इसका वजन 2 कुंटल 63 किलो 600 ग्राम निकला ।एक बोरी में कटी लौग थी, जिसका वजन 60 किलो 300 ग्राम निकला व 2 बोरियों में रैप और रैपर रोल मिला। इस पर शुभम नाम अंकित था। वजन 92 किलो निकला ।चालक ने अपना नाम धर्मेंद्र राजपूत बताया जो कि ग्राम गहरौली थाना मुस्करा का रहने वाला है। यह माल वह हमीरपुर की ओर से लेकर खरेला जा रहा था। यह माल एक दुकानदार का है ।नाम वह वही बता सका। चालक के पास कागजात नहीं मिले। थाना प्रभारी गणेश कुमार ने बताया कि चालक पर फर्जीवाड़ा कबमामले में दर्ज किया है।

# शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने की बैठक संचालन

संवाददाता, बांदा। तिंदवारी सोमवार को शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर तिंदवारी मतदान केंद्र स्तरीय संचालन समिति की आवश्यक बैठक राम प्रसाद दीक्षित डिग्री कॉलेज सोनरही में आयोजित हुई, जहां आगामी रूपरेखा तय करते हुए मतदाता संपर्क अभियान को व्यापक रूप से चलाने का आह्वान किया गया। महापुरुषों के चित्र में माल्यार्पण व दीप पूजन के साथ मतदान केंद्र स्तरीय बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति राज्यमंत्री




रामकेश निषाद ने कहा कि यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि शिक्षक मतदाताओं से संपर्क करते हुए पार्टी के पक्ष में मतदान करने का आग्रह करना है। लगातार हम लोग विभिन्न चुनावों में भाग लेते हुए और उनमें ऐतिहासिक विजय प्राप्त करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। मतदाता संपर्क की सतत योजना के साथ उसका प्रमुख तय करते हुए कार्यकर्ताओं को चुनाव संबंधी विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं। निश्चित ही भाजपा इस चुनाव को भी जीत कर दिखाएगी। बैठक में उपस्थित जिला महामंत्री भाजपा अखिलेश नाथ दीक्षित ने विषय वस्तु रखते हुए आगामी कार्य योजना बताई। बैठक का संचालन समिति चुनाव के विधानसभा से संयोजक आनंद स्वरूप द्विवेदी द्वारा किया गया।

# पुलिस लाइन में बाउण्ड्री वॉल पेन्टिग के माध्यम से पुलिस के कार्यों को प्रदर्शित करने वाले चित्रकार हुये सम्मानित

संवाददाता

महोबा। पुलिस अधीक्षक सुधा सिंह के निर्देशन पर पुलिस लाइन अवस्थित बाउण्ड्रीवाल में उ0प्र0 पुलिस विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों व कार्यों का प्रदर्शित किये जाने का कार्य वॉल पेन्टिग के माध्यम से किया जा रहा था, यह कार्य स्थानीय चित्रकारों के माध्यम से सम्पादित किया जा रहा था जो सोमवार को सम्पन्न हुआ। पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा स्थानीय चित्रकारों कुश कुमार,निदा खान,भारती वर्मा ,फायजा खान,चंचल नंदनी,कनक नंदनी,निशा



विश्वकर्मा,अल्तशा अंसारी को उनके द्वारा किये गये इस सराहनीय कार्य के लिये प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी नगर रामप्रवेश राय, प्रतिसार निरीक्षक सैन्यजीत सिंह, जिला कोआर्डिनेटर अंकुर जायसवाल मौजदू रहे।

# गौ रक्षा समिति के द्वारा मोतियारी गौशाला में गौ वंशो को खिचड़ी व गुड खिलाया गया

संवाददाता

बांदा। जनपद के तहसील नरैनी के ग्राम पंचायत मोतियारी में 16 जनवरी मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गौशाला पहुंचकर गोवंश को खिचड़ी व गुड खिलाकर खिचड़ी भोज किया गया।

आपको बता दे यह पूरा मामला बांदा जनपद के तहसील नरैनी के ग्राम पंचायत मोतियारी की अस्थाई गौशाला का है जहां पर विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा



समिति के तत्वाधान में गोवंश को खिचड़ी व गुड खिलाई गई। उन्होंने बताया की यह अस्थाई गौशाला है जिस पर मोतियारी प्रधान द्वारा किराए की जमीन पर किसानों की फसल को बचाने के लिए इस तरह के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं इस आयोजन के दौरान गौ रक्षा समिति के पदाधिकारी नरैनी तहसील अध्यक्ष सोनू करवरिया ,विनोद दीक्षित संरक्षक गौ सेवक, छोटू , ग्राम प्रधान मोतियारी फूला यादव सहित महेश यादव, रामनारायण,यादव,भोला धतुरहा,विनोद धातुरहा, छंगा मिश्रा आदि अन्य पदाधिकारी एवं समिति के समस्त सदस्य मौजूद रहे।

## ससुराल वालों की पिटाई से पीड़ित युवक ने फांसी लगाकर दी जान, परिवार में मचा कोहराम

संवाददाता फर्रुखाबाद ससुराल वालों की पिटाई से आहत युवक रितेश ने फांसी लगाकर जान दे दी। रितेश कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला चूड़ा जल्लापुर निवासी लालाराम राजपूत का 36 वर्षीय पुत्र था। रितेश की बीती रात्रि संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। सुबह रितेश की पुत्री नव्या ने परिजनों को पिता की मृत्यु होने की सूचना दी। मां जगरानी ने बताया कि रविवार को रितेश व पत्नी शांति देवी में झगड़ा हुआ था। शांति ने ससुराल में फोन से झगड़े की सूचना दी थी। ससुराल वालो ने आकर रितेश की पिटाई कर दी जिससे आहत होकर रितेश ने रात में कमरे के कुंडे से दुपट्टे से फांसी लगा ली। शांति देवी ने ही शव को फांसी से उतार लिया। रितेश के भाई गोपी की सूचना पर उप निरीक्षक संजय कुमार मौर्य ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया।

## चोरों ने राशन की दुकान पर फिर चोरी की घटना को दिया अंजाम

संवाददाता, फर्रुखाबाद। सरकारी राशन की दुकान पर बीती रात को चोरों ने धावा बोलकर नगदी एवं राशन चुरा ले गए। दुकानदार ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और घटना की सूचना उच्च अधिकारियों को भी दे दी। शमशाबाद थाना क्षेत्र के गांव रोशनाबाद निवासी राजू पुत्र ढो रू लाल की गांव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज के निकट राशन की दुकान है। दुकान में पिछले दिनों एक सांप दुकान में घुस गया जिसके डर से दुकानदार दुकान में नहीं सोया। उसी का फायदा उठाकर चोरों ने दुकान के शटर का ताला तोड़ दिया और चोरों ने घटना को अंजाम दे डाला ।चोरी होने की सूचना पर दुकानदार दुकान पर पहुंचा और दुकान की देखभाल करके घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर थानाध्यक्ष मनोज कुमार भाटी, फैज बाग पुलिस चौकी इंचार्ज एवं फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और इन लोगों ने इस घटना की बारीकी से जांच पड़ताल की। जांच पड़ताल के दौरान पाया कि 21 बोरी गेहूं की चोर लादकर ले गए और साथ में 5000 की नकदी भी ले गए।

## घर में घुसकर युवक ने की छात्रा से अश्लील हरकत

संवाददाता, फर्रुखाबाद। घर में घुसकर एक छात्रा से एक युवक ने अश्लील हरकतें की। यही नहीं पर परिवारी जनों को जान से मारने की धमकी दी। घटना को लेकर तीन के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है 1 गांव निवासी महिला ने इस मामले में बॉर्बी, शीशराम और अवनीश के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री एक विद्यालय में कक्षा 10 की छात्रा है । गांव का बॉर्बी स्कूल जाते समय छेड़छाड़ व अश्लील हरकत करता है और मोबाइल नंबर मांगता है। यह बात जब बेटी ने घर जाकर बताई तो पिता बबलू के घर जाकर शिकायत करने गए तो वहां पर उसके घर वालों ने राइफल निकाल ली और जान से मारने की धमकी दी। बीते माह बेटी बरामदे में सो रही थी जोर से चिल्ला पड़ी तो घरवाले लोग दौड़ पड़े। बॉबी भाग रहा था।

## बिना डॉक्टरी पढ़े बन गए डॉक्टर, क्लीनिक खोलकर कर रहे थे इलाज, हो गया मुकदमा

संवाददाता, इटावा ।स्वास्थ्य विभाग द्वारा तीन झोलाछाप पर कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया। बिना किसी डिग्री के क्लीनिक खोलकर इनके द्वारा मरीजों का इलाज किया जा रहा था। स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डिप्टी सीएमओ डॉ. यतेंद्र राजपूत द्वारा 21 सितंबर 2022 को सिविल लाइन थाना क्षेत्र में नगला निवोली गांव कचौरा रोड पर स्थित एक क्लीनिक को चेक किया गया था और उस दौरान वहां उपस्थित बालकृष्ण राजपूत को चिकित्सीय कार्य करते हुए पाया गया था। इस मौके पर जब वैध डिग्री व क्लीनिक का रजिस्ट्रेशन मांगा गया तो नहीं दिखा जिसके बाद उसे प्रपत्र लेकर कार्यालय में दिखाने को कहा गया था। इसके बाद एक अक्टूबर को पालीटेक्निक के पास सर्विस रोड पर संचालित एक क्लीनिक पर पहुंचे थे जहां और वहां भी चिकित्सीय कार्य कर रहा रनवीर सिंह भी प्रपत्र दिखाने में असमर्थ रहा।

# मकर संक्रांति के पर्व पर स्वयं सेवक संघ रानी लक्ष्मीबाई शाखा के नेतृत्व में किया गया खिचड़ी भोज

संवाददाता

फर्रुखाबाद। मकर संक्रांति के पर्व पर स्वयंसेवक संघ रानी लक्ष्मीबाई शाखा के नेतृत्व में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। सैकड़ो लोगो ने खिचड़ी भोज का आनंद लिया। जानकारी के अनुसार मकर संक्रांति का पर्व जिसे हिंदू समाज में हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जाता है। मकर संक्रांति पर्व के दिन अधिकांश श्रद्धालु जो ढाई घाट शमशाबाद की पवित्र गंगा नदी में स्नान कर भगवान भाष्कर को जलार्द्ध देते हैं ।साथ ही पूजा अर्चना करते हुए विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमो का आयोजन करते है। पुरुष तथा महिलाएं मनोकामनाओ की पूर्ति हेतु गंगा मां को पहनाबन करते हैं ।इसके अलावा मेले में साधु संतों निराश्रित, विधवा, विकलांग , वृद्ध जनों को श्रद्धानुसार अनुसार भोजन



कराते हैं । जिसमें सबसे ज्यादा खिचड़ी भोज को महत्व दिया गया है ।मेले के अलावा शमसाबाद नगर में भी विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों द्वारा खिचड़ी भोज का कार्यक्रम आयोजित किया गया ।कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने आनंद लेकर मकर संक्रांति पर्व के प्रति आस्था जताई। इसी कड़ी में शमसा बाद नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रानी लक्ष्मी भाई शाखा के संयोजक अतुल कुमार तथा पप्पू राजपूत द्वारा लंका का मैदान जहां खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया । बड़ी संख्या में लोगों ने खिचड़ी भोज का आनंद लिया। खिचड़ी भोज के आयोजन के लिए लंका का मैदान जहां सारी व्यवस्थाये की गई थी । टेंट के जसरिये लोगों को खिचड़ी भोज के लिए आमंत्रित किया गया था। जहां सैकड़ों की संख्या में लोगों ने खिचड़ी का आनंद लिया । इस पुनीत केसरी के लिए लोग भूरि भूरि आयोजको की प्रसंसा कर रहे थे।

# गुलाबी गैंग ने एक हजार असहाय और गरीब महिलाओं को वितरित किये कंबल

## डीएम ने महिलाओं की समस्याओं के समाधान और मदद का दिया भरोसा



संवाददाता, महोबा। शीतलहर और गलनभरी सर्दी से बचाव को लेकर गुलाबी गैंग ने संगठन से जुडी करीब 1 हजार असहाय एवं गरीब महिलाओं को कंबलों का वितरण किया गया। डीएम ने गुटखा छोडो लक्ष्मी जोड़ो के प्रति जागरूक करते हुए सभी महिलाओं की समस्याओं का समाधान और मदद का भरोसा दिया। गुलाबी महिला उत्थान समिति ( गुलाबी गैंग ) के तत्वाधान में सोमवार को आल्हा चौक स्थित अम्बेडकर पार्क में प्रेस क्लब अध्यक्ष संजय मिश्रा की अध्यक्षता में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनोज कुमार को गुलाबी गैंग की राष्ट्रीय कमांडर सुमन सिंह चौहान ने शाल उढ़ाकर एवं पुष्प भेंटकर स्वागत किया। इसके साथ ही कलमकारों को भी शाल उढ़ाकर एवं डायरी पेन भेंटकर सम्मानित किया गया। डीएम ने अपने संबोधन में गुलाबी गैंग द्वारा किये गए कंबल वितरण कार्यक्रम की सराहना की।

# जिलाधिकारी ने पीड़ित किसानों से की बात

संवाददाता

औरैया। बिधूना तहसील के अछल्दा ब्लॉक के गांव कन्हो के गुड़ियन पुर्वा में सिंचाई विभाग प्रखंड की नहर में खंदी कटने से लगभग 25 हेक्टेयर खेतों में पानी भर गया था, जिसका मौके पर जाकर जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर मुआयना किया। जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग की टीम को किसानों की खेती में हुई क्षति को लेकर शीघ्र अति शीघ्र आकलन करने के लिए कहा। दो वर्ष पूर्व भी इस प्रकार खंदी कटने से कई बीघा फसल बर्बाद हुई थी, जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग को नहर में रिटेनिंग वॉल बनाए जाने के निर्देश दिए, सिंचाई विभाग द्वारा बताया गया कि



इस वर्ष प्राप्त बजट से रिटेनिंग वॉल का निर्माण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पीड़ित किसानों से बातचीत कर जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा आंकड़े प्राप्त होने के पश्चात किसानों की क्षतिपूर्ति के लिए सरकार से मुआवजा दिलाने की मांग की जाएगी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बिधूना लवगीत कौर, तहसीलदार जितेश वर्मा, नायब तहसीलदार प्रकाश चौधरी सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनपद में पूरे उत्साह के साथ मनाया गया 'निक्षय दिवस'

## देश को टीबी मुक्त बनाने में सभी के सहयोग की जरूरत: सीएमओ

संवाददाता

औरैया। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम व टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सोमवार को जिले में निक्षय दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रमों का आयोजन कर टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गयी साथ ही जिले के समस्त हेल्थ वेलनेस सेंटर, प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) में आने वाले व्यक्तियों की टीबी स्क्रीनिंग की गई और संभावित लक्षण वालों का बलगम एकत्र कर जांच के लिए भेजा गया । इसके अलावा कुष्ठ रोग, कालाजार व फाइलेरिया की भी जांच की गयी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ अर्चना श्रीवास्तव ने बताया कि देश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से हर माह की 15 तारीख को निक्षय दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है लेकिन इस बार 15 तारीख को अवकाश होने के कारण 16 जनवरी को 'एकीकृत निक्षय दिवस' मनाया जा रहा है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य टीबी रोग के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ ही अधिक से अधिक टीबी मरीजों का चिन्हित कर उनका उपचार करना, प्राइवेट नोटिफिकेशन में तेजी लाना, पोषण सामग्री व आर्थिक सहयोग से उन्हें जल्द से जल्द स्वस्थ करना है । उन्होंने कहा कि देश को टीबी मुक्त बनाने में सभी के सहयोग की जरूरत है। लिहाजा इस दिशा में सभी को मिलजुल कर प्रयास करना चाहिए ताकि वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाया जा सके। निक्षय दिवस पर गेल इंडिया लिमिटेड के सहयोग से 56 क्षय रोगियों को पोषण पोटली प्रदान किया गया। इस दौरान गेल इंडिया लिमिटेड से सुरेंद्र कुमार , नितिन और ऋषभ मौजूद थे। निक्षय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संतराम ने भी क्षय रोगियों को पोषण पोटली प्रदान की ।

# जिले की स्वास्थ्य इकाइयों पर मनाया गया एकीकृत निक्षय दिवस




संवाददाता, फर्रुखाबाद। क्षय रोग , फाइलेरिया और कुष्ठ उन्मूलन को लेकर सरकार गंभीर है। इसी को लेकर हर माह की 15 तारीख को स्वास्थ्य इकाइयों पर एकीकृत निक्षय दिवस मनाया जाता है इस बार 15 तारीख को रविवार का अवकाश होने के कारण इसे सोमवार को मनाया गया द्य हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ने मरीजों की प्रारम्भिक जांच कर एचआईवी, डायबिटीज और बलगम का नमूना लिया ।सीएचओ और आशा के द्वारा निक्षय दिवस पर मिलने वाली सुविधाओं का प्रचार-प्रसार भी किया गया। पहला निक्षय दिवस 15 दिसंबर को मनाया गया था, जिसमें 75 क्षय रोगी चिन्हित किये गए थे स इस बार से इस दिवस में कुष्ठ, फाइलेरिया और कालाजार उन्मूलन अभियान को और जोड़ दिया गया, ताकि एक ही समय में कई बीमारियों का समय से इलाज कर रोगियों को स्वस्थ बनाया जा सके मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ अवनीन्द्र कुमार ने बताया कि शासन के निर्देश पर जनपद के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, शहरी क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सिविल अस्पताल लिंजीगंज और डॉ राममनोहर लोहिया चिकित्सालय में सोमवार को एकीकृत निक्षय दिवस मनाया गया स सीएमओ ने बताया कि आज निक्षय गतिविधियों के साथ कुष्ठ, फाइलेरिया और कालाजार उन्मूलन गतिविधियों पर जोर दिया गया । इन बीमारियों के रोगियों को चिन्हित कर उन्हें उपचार, परामर्श व आवश्यक दवाएं दी गई ।

# भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष की अगुवाई में नारीशक्ति का दिखा दम

## हाथों में वेलकम जी-20 का पोस्टर थाम कर लहराया राष्ट्रीय ध्वज

संवाददाता

बांदा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जी-20 की अध्यक्षता करने को लेकर देश के लोग खासे उत्साहित हैं। ऐसे में भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता की अगुवाई में शहर के विभिन्न स्थानों पर नारीशक्ति का दम दिखाया और जी-20 से संबंधित रंगोली सजाकर जी-20 में शामिल होने वाले देशों का स्वागत किया। महिलाओं ने हाथों में वेलकम जी-20 के पोस्टर लेकर तिरंगा ध्वज को लहराया और भारत की बढ़ती प्रभुता पर हर्ष व्यक्त किया। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद गीता शाक्य के निर्देशानुसार सोमवार को महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता ने अपनी पूरी टीम के साथ शहर के कटरा मोहल्ला




स्थित मरही माता मंदिर में जी-20 कार्यक्रम की सफलता को पूजा अर्चना की और महिलाओं को जी-20 सम्मेलन को लेकर विस्तृत जानकारी दी। महिला मोर्चा की टोली ने जी-20 से संबंधित आकर्षक रंगोली सजाई और हाथों में वेलकम जी-20 के पोस्टर थाम कर राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए खुशी व्यक्त की। जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में हमारा भारत देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है। दिसंबर 2022 से नवंबर 2023 तक जी-20 देशों की अध्यक्षता करना इसका जीता जागता प्रमाण है। कहा कि देश की प्रगति में नारी शक्ति का भी महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं का बखान करते हुए महिलाओं के लिए सरकार सोच को उजागर किया और नारी सशक्तिकरण के लिए सरकार की योजनाओं का विस्तार से गुणगान किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष रूपा चौहान, विनोद जैन, गीता चौहान, वंदना साहू, गोमती, रीता, हीरा, वंदना सिंह, अंजू चौहान समेत तमाम महिलाएं शामिल रहीं।

# नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म के दोषी को सात साल की जेल

संवाददाता, औरैया। विशेष न्यायाधीश(पॉक्सो अधिनियम) मनराज सिंह ने थाना अजीतमल क्षेत्र के आठ साल पुराने नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने व दुष्कर्म करने संबंधी मामले के दोषी स्वदेश कुमार को सात साल का कठोर कारावास व 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। दोषी को जेल भेज दिया गया है। अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे डीजीसी अभिषेक मिश्र व विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) जितेंद्र सिंह तोमर व मृदुल मिश्रा ने बताया कि वादी ने अजीतमल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 30 जनवरी 2015 को सुबह करीब 06 बजे उसकी 15 वर्षीय बेटी जानवरों को निकालने के लिए बने घेरा में गयी थी। तभी आरोपी स्वदेश कुमार उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर ले गया। बाद में पुलिस ने दोनों को बरामद किया। पुलिस ने नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म के आरोप की चार्जशीट स्वदेश कुमार के खिलाफ कोर्ट में दाखिल की। यह मुकदमा विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) मनराज सिंह की कोर्ट में चला। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक जितेंद्र सिंह तोमर व मृदुल मिश्रा ने नाबालिग के साथ इस कृत्य के लिए अभियुक्त के विरुद्ध कठोर दंड की बहस की। वहीं बचाव पक्ष ने उसे निर्दोष बताया। दोनों पक्षकारों को सुनने के बाद एडीजे मनराज सिंह ने दोषी अभियुक्त स्वदेश कुमार निवासी गोहानी खुर्द कोतवाली अजीतमल को कुल सात वर्ष के कठोर कारावास व 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

## आदिल खान के बच्चे की मां बनने वाली हैं राखी सावंत? प्रेग्नेंसी को लेकर बोल दी बड़ी बात



राखी सावंत एक बार फिर सबका ध्यान अपनी ओर खींचने में कामयाब हो गई हैं। क्या राखी ने शादी कर ली है या ये सब पब्लिसिटी स्टंट चल रहा है फैंस इस पूरे ड्रामे से कन्फ्यूज हो गए हैं। किसी को भी समझ नहीं आ रहा कि आखिर चल क्या रहा है। दरअसल, ये पहली बार नहीं है जब ड्रामा क्वीन की शादीशुदा जिन्दगी में तूफान आया हो। इससे पहले भी एकदम यही कहानी सामने आई थी। पहले भी सीक्रेट वेडिंग कर राखी ने फैंस को शॉक दिया था। हालांकि बाद में मीडिया के सामने हुए एक बड़े ड्रामे के बाद उनका रिश्ता खत्म हो गया था। वही, इस बार भी ऐसी ही कहानी सामने आ रही है। हाल ही में इस बात का खुलासा हुआ है कि राखी सावंत ने फिर से चोरी–छिपे दूसरी शादी कर ली। इस बार ये भी दावा किया जा रहा है कि बॉयफ्रेंड आदिल खान दुर्रानी से निकाह करने के लिए राखी ने अपना नाम तक बदल लिया। दरअसल, राखी ने दावा किया है कि उन्होंने 7 महीने पहले बॉयफ्रेंड आदिल खान दुर्रानी से फातिमा बन निकाह किया था। लेकिन अब आदिल इस शादी से इनकार कर रहे हैं। आदिल अबतक इस बात को मानने के लिए तैयार नहीं है कि वो और राखी शादी कर चुके है। जिसके बाद राखी बुरी तरह से टूट गई हैं और वो एक बार फिर अपनी शादी में नाखुश नजर आ रही हैं। हालांकि अब शादी के बाद राखी सावत की प्रेगनेंसी की खबरें भी सामने आ रही हैं। दरअसल, अब राखी ने कुछ ऐसा बोल दिया है, जिससे लोग ये अंदाजे लगाने लगे हैं कि शायद वो प्रेग्नेंट हैं। आपको बता दें, राखी ने एक लेटेस्ट इंटरव्यू में प्रेग्नेंसी और सिंगल मदर होने को लेकर बात की। एक्ट्रेस ने कहा, आदिल के साथ अपनी शादी से मैं बहुत खुश हूं। मैं नहीं जानती कि वो इससे इनकार क्यों कर रहे हैं उनके इनकार से मैं शॉक में हूं। मैं उनसे 7 महीने से इस शादी की सच्चाई दुनिया के सामने बताने के लिए कह रही थी। मैं एक सेलिब्रिटी हूं और मेरी जिंदगी से जुड़ी बातें छुप नहीं सकती। हो सकता है कि मैं प्रेग्नेंट हो जाऊं या कुछ भी हो जाए। हालांकि, राखी ने प्रेग्नेंसी को लेकर आगे कुछ भी कहने से साफ इंकार कर दिया। उन्होंने कहा शादी का खुलासा करना बहुत जरूरी हो गया था। साथ ही राखी ने ये भी बताया कि वो बहुत डरी हुई हैं, जिसकी वजह से उनकी हेल्थ पर भी असर पड़ रहा है। राखी का कहना है कि अगर वो सिंगल मदर बनती हैं तब भी वो आखिरी सांस तक आदिल से प्यार करती रहेंगी।

»» बॉलीवुड ««



# लम्बे समय बात ऐश्वर्या राय का दिखा हॉट अवतार

## एक्ट्रेस की झील सी आंखों में डूब जाएंगे आप

**90 के दशक से लेकर आज तक ऐश्वर्या ने अपनी खूबसूरती से हर किसी को दीवाना बनाया है। अपने करियर में ऐश्वर्या ने कई हिट फिल्में दी हैं। वही एक्टिंग के साथ ही ऐश्वर्या सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहती हैं। ऐसे में ऐश्वर्या की एक आउट तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। दरअसल बॉलीवुड के फेमस सेलिब्रिटी फोटोग्राफर डब्बू रतनानी से कॉपी अपनी एक तस्वीरें क्लिक कराने ........**

बॉलीवुड की डिवा कही जाने वाली ऐश्वर्या राय एक बार फिर से सुर्खियों में आ गयी हैं। दरअसल इस बात में कोई सक नहीं है की ऐश्वर्या राय की खूबसूरती की आज भी मिसाले दी जाती हैं। 90 के दशक से लेकर आज तक ऐश्वर्या ने अपनी खूबसूरती से हर किसी को दीवाना बनाया है। अपने करियर में ऐश्वर्या ने कई हिट फिल्में दी हैं। वही एक्टिंग के साथ ही ऐश्वर्या सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहती हैं। ऐसे में ऐश्वर्या की एक आउट तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। दरअसल बॉलीवुड के फेमस सेलिब्रिटी फोटोग्राफर डब्बू रतनानी से कॉपी अपनी एक तस्वीरें क्लिक कराने की इच्छा रखते हैं। ऐसे में ऐश्वर्या राय की ये इच्छा पूरी होती हुई नजर आ रही हैं। जहां हाल ही में ऐश्वर्या ने फेमस सेलिब्रिटी फोटोग्राफर डब्बू रतनानी के लिए फोटोशूट कराया है। जिसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर काफी पसंद की जा रही है। तस्वीर में आप देख सकते हैं कि उनके पूरे फेस पर बाल बिखरे हुए है। तस्वीर में एक्ट्रेस का सिर्फ फेस नजर आ रहा है उसमें भी उनकी आंखें बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। ऐश्वर्या की आंखों का ब्लैक मेकअप उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है। वही अब ऐश्वर्या की ये नशीली आँखें वाली तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। वही एक्ट्रेस की इस पिक्चर अब फैंस जमकर कमेंट करते हुए भी नजर आ रहे हैं। जहां एक्ट्रेस की पिक्चर पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा है की–इस दुनिया की अब तक की सबसे खूबसूरत महिला। रियल ब्यूटी। एक दूसरा यूजर लिखता है, श्उह..यह आपके द्वारा कवर किया जाने वाला एक सपना है।श् एक लिखता है, आउटस्टैंडिंग एवरग्रीन गॉर्जियस यही असली ब्यूटी है। इस तरह के कई और कमेंट ऐश्वर्या की इस तस्वीर पर आ रहे हैं। बता दे की ऐश्वर्या राइ इन दिनों बहुत कम ही फिल्में करती हुई दिखाई दे रही हैं। दरअसल शादी के बाद ऐश्वर्या का मेन फोकस उनके बच्चे और उनके परिवार पर होती है। यही कारन है की एक्ट्रेस की बॉलीवुड की चुनिंदा फिल्मों में ही अपना अभिनय दिखाती हुई नजर आ रही हैं।



# नागिन 6 को हिट बनाने के लिए एकता कपूर ने की इस एक्ट्रेस की तारीफ, बीबी से ढूंढकर लाएंगी टीवी की नई नागिन

छोटे परदे का फॅमिली डेली शोप नागिन इन दिनों खूब टीआरपी बटोरता हुआ दिखाई दे रहा हैं। दरअसल लाखों की संख्या में दर्शक सीरियल नागिन के दीवाने हुए रहते हैं। वही नागिन सीरियल की डायरेक्टर,प्रोडूसर एकता कपूर भी अपने इस सीरियल को हिट कराने का कोई भी मौका नहीं छोड़ती हैं। साथ ही आए दिन सीरियल को बुलंदियों पर पहुंचाने के लिए नए–नए हथकंडे अपनाती रहती हैं। ऐसी में एकता कपूर एक बार फिर से एक नया चाल चलती हुई नजर आ रही हैं। दरअसल इस बात से तो सभी वाकिफ ही होंगे की हर बार एकता कपूर अपने नागिन सीरियल में छोटे परदे का फेमस रियलिटी शो बिग बॉस की एक स्ट्रांग हसीना की अपने सीरियल नागिन में जरूर ही कास्ट करती हैं। ऐसे में बिग बॉस के पिछले सीजन की विजेता रही तेजस्वी प्रकाश को एकता कपूर ने अपने सीरियल में कास्ट किया था। ऐसे में कुछ दिन पहले ये खबर आई थी की, नागिन 6 जल्द ही खत्म होने वाला है। शो को लेकर खबर आई थी कि यह इस




साल फरवरी तक खत्म हो जाएगा। एकता कपूर का नागिन 6 सभी सीजन में काफी हिट शो रहा है। इतना ही नहीं, शो में तेजस्वी प्रकाश को बतौर नागिन खूब सराहा भी गया है। नागिन 6 को हिट बनाने के लिए खुद एकता कपूर ने भी तेजस्वी प्रकाश का शुक्रिया अदा किया है। उन्होंने तेजस्वी प्रकाश का वीडियो शेयर कर बताया कि उन्होंने एक्ट्रेस को कैसे कास्ट किया था। इतना ही नहीं, अपने कैप्शन में एकता कपूर ने नागिन 7 को लेकर भी हिंट दी है। एकता कपूर ने नागिन 6 से जुड़ा तेजस्वी प्रकाश का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें एक्ट्रेस नागिन के अंदाज में बलखाती और अपनी अदाएं दिखाती नजर आईं। इस वीडियो को शेयर करते हुए एकता कपूर ने लिखा, इस नगीना को मेरा ढेर सारा प्यार। इन्हें मैंने बिग बॉस में ढूंढा था और कोरोना के वक्त में तेज बुखार में होने के बाद भी मैंने कलर्स चौनल और मनीषा पर जोर दिया था कि मैं तेजस्वी को कास्ट करना चाहती हूं। उम्मीद के साथ बिग बॉस में फिल्म की घोषणा करने जा रही हूं और देखती हूं कि इस बार मैं वहां से किसे ढूंढकर लाती हूं। अब एकता कपूर के स्टेटमेंट से ये तो साफ जाहिर हो गया की बिग बॉस के इस सीजन की भी एक हसीना के भाग्य के ताले जल्द ही खुलने वाले हैं। वही खबरों की माने तो प्रियंका चाहर चौधरी और अर्चना गौतम को एकता कपूर अपने शो में कास्ट कर सकती हैं। हालांकि बाद में उनसे जुड़े सूत्र ने बताया कि प्रियंका चाहर चौधरी की जगह सुंबुल तौकीर खान को नागिन 7 के लिए कास्ट किया जा सकता है। खुद सूत्र ने भी कहा कि अगर चीजें प्लानिंग के हिसाब से हुईं तो शो में सुंबुल तौकीर खान को नागिन बनाया जाएगा। ऐसे में अब ये देखना काफी दिलचस्प होने वाला है की आखिर बिग बॉस 16 से किस एक हसीना की किसमत पर एकता कपूर का मोहर लगने वाला हैं।

»» बॉलीवुड ««


# अथिया शेट्टी और एल राहुल की शादी के वेन्यू से लेकर हल्दी मेहंदी संगीत तक, बड़ी अपडेट

बॉलीवुड एक्ट्रेस अथिया शेट्टी और क्रिकेटर के एल राहुल की लव स्टोरी पर सबकी नजरे टिकी हुई हैं। अक्सर दोनों साथ में नजर आते हैं और सोशल मीडिया पर भी एक–दूसरे पर प्यार लुटाने का कोई मौका नहीं चूकते। दोनों की डेटिंग की खबरें आते– आते कई साल बीत चुके हैं। इनका रिश्ता लम्बे समय से सुर्खियों में बना हुआ है। हाल ही में ये कपल दुबई में न्यू ईयर सेलिब्रेट कर वापिस लौटा है। इनके वापिस आते ही एक बार फिर शादी की खबरें आनी भी शुरू हो गईं है। आपको बता दें, लम्बे समय से ऐसी अफवाहें हैं कि अथिया शेट्टी और के एल राहुल शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। कई बार इनकी वेडिंग डेट को लेकर भी अलग–अलग रिपोर्ट्स सामने आती हैं। वहीं, इस बार जो डेट सामने आई है उसपर पूरी उम्मीद है कि ये दोनों शादी कर लेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स का दावा है कि अथिया और के एल राहुल 23 जनवरी को शादी कर रहे हैं। हालांकि दोनों की ही तरफ से अभी तक कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है। लेकिन ये भी सच है कि शेट्टी और राहुल के परिवार ने शादी की तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिसका मतलब है जल्द ही ये कपल ग्रैंड वेडिंग करेगा। ऐसे में अब इनकी शादी की कुछ खास डिटेल्स सामने आई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इस कपल की शादी का जश्न 3 दिनों तक चलेगा। यानी 21 जनवरी से 23 जनवरी के बीच शादी की सभी रस्में होंगी। यानी 21 और 22 जनवरी को हल्दी, मेहंदी और संगीत सेरेमनी होगी। वहीं, 23 जनवरी को अथिया और के एल राहुल सात फेरे लेंगे। साथ ही ये भी कहा जा रहा है कि ये शादी सुनील शेट्टी के खंडाला वाले बंगले पर ही होगी। ऐसे में अब शादी की तैयारियां जोरो पर है। खबरों की मानें तो, दोनों फिलहाल शादी के लिए लगातार शॉपिंग कर रहे हैं। लेकिन अभी तक अपनी शादी को लेकर दोनों की ओर से कोई कमेंट नहीं आया है। मगर फैंस अब इन्हे जल्द एक होता देखने के लिए बेताब हैं।



# कार्तिक आर्यन की मोस्ट अवेटेड फिल्म शहजादे का ट्रेलर हुआ आउट

बॉलीवुड के ब्लॉकबस्टर एक्टर कहे जाने वाले कार्तिक आर्यन एक बार लोगों के दिलों,दिमाग पर राज करने के लिए हाजिर हो गए हैं। दरअसल भूल भुलैया 2 के सक्सेस के बाद आखिरकार अब कार्तिक आर्यन की मोस्ट अवेटेड फिल्म शहजादे का भी ट्रेलर सामने आ गया हैं। 3 मिनट के इस ट्रेलर में आपको काफी कॉमेडी और एक्शन देखने को मिलने वाला हैं। तो चलिए देर नहीं करते हुए ट्रेलर की पूरी जानकारी आपको देते हैं। भाई अब कार्तिक आर्यन की मूवी हो और उसमे कॉमेडी एक तड़का नहीं हो ऐसा कैसे हो सकता हैं। फिर क्या शहजादे के भी ट्रेलर में कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा हैं। जहां कार्तिक काफी कॉमेडी करते हुए भी दिखाई दे रहा है। वही फिल्म में कार्तिक के साथ लीड रोल में कृति सेनन भी नजर आ रही हैं। हालांकि कार्तिक और कृति की जोड़ी को पहले भी परदे पर देखा जा चुके हैं। ऐसे में दोनों की जोड़ी पहले की फिल्मों की तरह ही दिख रही हैं। इसी के साथ ट्रेलर में कार्तिक आर्यन के साथ–साथ परेश रावल भी नजर आ रहे हैं। तो अब आप समझ ही गए होंगे की जब किसी भी फिल्म में परेश रावल की एक्टिंग का तड़का लग जाता है तो उस फिल्म की कहानी का स्वाद और भी दोगुना हो जाता हैं। इसमें कार्तिक एक काफी अमीर खानदान के शहजादे रहते हैं। लेकिन वो इस सच्चाई से वाकिफ नहीं रहते हैं। ऐसे में इस फिल्म में उन्हें इसी सच्चाई से वाकिफ कराया जाता हैं। जिसके बाद वो एक शहजादे वाली जिन्दगी जीने लगते हैं। ट्रेलर के वीडियो में कार्तिक आर्यन और कृति सेनन के बीच जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। इस फिल्म के ट्रेलर में कार्तिक आर्यन अलग–अलग अवतार में दिखाई दिए। कभी वो रोमांस करते दिखे, तो कभी फाइट। कार्तिक आर्यन की फिल्म शहजादा 10 फरवरी को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है। जानकारी के



लिए बता दें कि कार्तिक आर्यन की ये फिल्म अल्लू अर्जुन की अला वैकुंठपुरमलो की हिंदी रीमेक है। साउथ की ये फिल्म काफी चर्चा में रही थी। इस फिल्म ने साउथ में खूब कमाई भी की थी। अब देखना होगा कार्तिक आर्यन की शहजादा बॉक्स ऑफिस पर क्या कमाल दिखा पाती है।

# एक्सीडेंट के बाद ऋषभ पंत ने पहली बार किया ट्वीट, दुआओं के लिए कहा शुक्रिया




एजेंसी, भारत के स्टार युवा विकेट कीपर ऋषभ पंत का पिछले दिनों एक्सीडेंट हो गया था। एक्सीडेंट के बाद वह फिलहाल वह इलाज रत है। हालांकि, लगातार ऋषभ पंत के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। इन सब के बीच एक्सीडेंट के बाद ऋषभ पंत ने अपना पहला ट्वीट भी कर दिया है। अपने ट्वीट के जरिए ऋषभ पंत ने इस मुश्किल वक्त में साथ देने के लिए फैंस और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड का आभार जताया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह रिकवरी कर रहे हैं और आगे की चुनौतियों के लिए भी तैयार है। आपको बता दें कि ऋषभ पंत का एक्सीडेंट उत्तराखंड जाने के दौरान हुआ था जिसके बाद उन्हें देहरादून के मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में उन्हें मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में बेहतर इलाज के लिए भर्ती कराया गया। अपने ट्वीट में ऋषभ पंत ने लिखा कि मेरी सर्जरी सफल रही। इसके अलावा अब मैं तेजी से रिकवरी कर रहा हूं। अगली चुनौती के लिए खुद को तैयार कर रहा हूं। उन्होंने अपने ट्वीट में बीसीसीआई और सचिव जय शाह के अलावा सरकार का भी शुक्रिया कहा। उन्होंने कहा कि सरकार से मुश्किल वक्त में साथ मिला है। इसके साथ ही उन्होंने विनम्रता पूर्वक लोगों से मिले समर्थन का भी आभार जताया है। आपको बता दें कि क्रिकेट में लगातार ऋषभ पंत के स्वस्थ होने की दुआ कर रहे हैं। लेकिन दावा किया जा रहा है कि अगले कुछ महीनों तक ऋषभ पंत मैदान पर वापसी नहीं कर पाएंगे। दावा किया जा रहा है कि ऋषभ पंत आईपीएल, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे विश्व कप में हिस्सा नहीं बन पाएंगे।

# खिलाड़ियों में सुरक्षा की भावना के कमी के कारण बड़े टूर्नामेंटों में पिछड़ रहा भारत : उथप्पा

एजेंसी, दुबई। भारत के पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा का मानना है कि राष्ट्रीय टीम में जगह को लेकर खिलाड़ियों में असुरक्षा की भावना बड़े टूर्नामेंटों के अहम मैचों में टीम के लिए घातक साबित हो रही है। भारत ने अपना पिछला विश्व कप 2011(एकदिवसीय) जबकि आईसीसी का अपना आखिरी टूर्नामेंट 2013 में चैंपियन ट्रॉफी के रूप में जीता था। टीम इसके बाद कई बार एकदिवसीय विश्व कप और टी20 विश्व कप के नॉकआउट चरण में पहुंचने के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गयी है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद उथप्पा इन दिनों इंटरनेशनल लीग टी20 में दुबई कैपिटल्स को अपनी सेवाएं दे रहे है। उथप्पा ने पीटीआई-को दिये साक्षात्कार में कहा , '' मुझे लगता है कि खिलाड़ियों में टीम में अपनी जगह को लेकर सुरक्षा की भावना की कमी है। पिछले काफी समय से टीम में लगातार बदलाव हो रहे है। जब एक खिलाड़ी सुरक्षित महसूस नहीं करता तो वह हमेशा अपनी जगह बचाने की मानसिकता के साथ रहता है। इसके उलट जब वह जगह को लेकर आश्वस्त रहता है तो अपने प्रदर्शन पर बेहतर तरीके से ध्यान दे सकता है।'' भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम (2007) का हिस्सा रहे उथप्पा ने आईपीएल का उदाहरण देते हुए कहा, ''आप आईपीएल को ही देख लीजिये, ज्यादातर बार ऐसी टीमों ने खिताब जीते है जिसने अंतिम एकादश में कम बदलाव किये है। चेन्नई (सुपर किंग्स) और मुंबई (इंडियन्स) की सफलता भी इस बात पर मुहर लगाते है।'' आईपीएल खिताब को जीतने वाली टीमों का तीन बार हिस्सा रहे उथप्पा ने कहा, '' मुझे लगता है कि खिलाड़ियों में सुरक्षा की भावना देना जरूरी है। पिछले कुछ समय से भारतीय टीम में जो हो रहा उससे खिलाड़ी सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे और अहम मौकों पर उनका प्रदर्शन उभर कर नहीं आता। '' भारत लिए 46 एकदिवसीय और 13 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाले उथप्पा ने अच्छा प्रदर्शन करने के बाद अगले मैच में खिलाड़ियों को टीम से बाहर करने की भी आलोचना की। उन्होंने कहा, '' बांग्लादेश टेस्ट श्रृंखला में मैन ऑफ द मैच लेने के बाद कुलदीप को टीम से बाहर करने से बड़े स्तर पर एक अच्छा संदेश गया है। आप कुलदीप को एक बार समझा सकते है लेकिन टीम को क्या संदेश जाता है? इससे युवा खिलाड़ियों में एक गलत संदेश जाता है कि मैन ऑफ द मैच लेने के बाद भी टीम में आपकी जगह पक्की नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''टीम में अंदर क्या हो रहा मुझे इसकी जानकारी नहीं है लेकिन बाहर से मुझे ऐसा ही लगता है। यह जरूर है कि हमारे पास प्रतिभा की कोई कमी नहीं है लेकिन टीम में जगह को लेकर उन्हें भरोसा होना चाहिये।'' विदेशी लीग में खेलने के लिए उथप्पा को भारतीय क्रिकेट से संन्यास लेना पड़ा लेकिन उन्हें इसका कोई मलाल नहीं है। उन्होंने कहा, '' मैं छह महीने में पहली बार प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने को लेकर रोमांचित हूं। यह अच्छा टूर्नामेंट है, दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ी यहां खेल रहे है।'' उन्होंने कहा, ''यह (विदेशी लीग में खेलने के लिए भारतीय क्रिकेट से संन्यास) तो बीसीसीआई का नियम है , नियम



हम नहीं बनाते लेकिन हमें पालन करना होता है। मुझे एक फैसला करना था तो मैंने यही फैसला किया।'' उथप्पा ने इस लीग में अपने शुरुआती मुकाबले में 43 रन की शानदार पारी खेली थी। उनकी इस पारी से दुबई कैपिटल्स ने अबुधाबी नाइट राइडर्स को 73 रन के बड़े अंतर से हराया। उन्होंने अगले टी20 विश्व कप (2024) की तैयारियों के लिए युवा खिलाड़ियों को कैरेबियाई प्रीमियर लीग जैसे टूर्नामेंट में खेलने की अनुमति देने की वकालत करते हुए कहा, '' बीसीसीआई विश्व क्रिकेट में इतनी अच्छी स्थिति में है कि वह अपनी जरूरत के हिसाब से भारतीय खिलाड़ियों को बाहर के लीगों में खेलने का मौका दे सकता है। '' उन्होंने कहा, '' अगला टी20 विश्व कप वेस्टइंडीज और अमेरिका में होगा, ऐसे में कम से कम से कमयुवा खिलाड़ियों को कैरेबियाई प्रीमियर लीग में खेलने का मौका दिया जा सकता है। जिससे उन्हें परिस्थितियों को परखने और दबाव की स्थिति से निपटने का कौशल आयेगा।

# शास्त्री ने कोहली से कहा था कि सही समय आने पर धोनी उन्हें देंगे कप्तानी, नयी किताब में जिक्र






एजेंसी, भारतीय टीम के पूर्व क्षेत्ररक्षण कोच आर श्रीधर ने अपनी नयी किताब में खुलासा किया है कि विराट कोहली 2016 में वनडे कप्तानी के लिये बेचौन थे और तब तत्कालीन कोच रवि शास्त्री ने उनसे एम एस धोनी के फैसले का सम्मान करके अपनी बारी आने का इंतजार करने के लिये कहा था। अनुभवी पत्रकार आर कौशिक के साथ लिखी अपनी किताब ' कोचिंग बियोंड रू माय डेज विद इंडियन क्रिकेट टीम ' में श्रीधर ने भारतीय टीम के साथ अपने अनुभवों का जिक्र किया है। श्रीधर ने किताब में लिखा ,'' जहां तक कोचिंग ग्रुप का सवाल है तो ऐसा माहौल बनाया गया था जिसमें आप हर खिलाड़ी की आंख में आंख डालकर सच कह सकते चाहे वह कितना ही कड़वा क्यो ना हो।'' इसमें उन्होंने कोहली के शुरूआती दिनों के एक वाकये का जिक्र किया जब कोहली टेस्ट टीम के कप्तान थे लेकिन सीमित ओवरों में अभी कप्तानी के लिये इंतजार कर रहे थे। उन्होंने लिखा ,'' 2016 में ऐसा समय था जब विराट सीमित ओवरों की कप्तानी के लिये भी व्याकुल थे। उन्होंने कुछ ऐसी बातें कही कि लगा कि वह कप्तानी के लिये बेचौन हैं।'' उन्होंने आगे लिखा ,'' एक शाम को रवि ने उसे बुलाया और कहा ,'' देखो विराट, एम एस ने तुम्हे टेस्ट टीम की कप्तानी दी है। तुम्हे उसका सम्मान करना चाहिये। वह सीमित ओवरों की कप्तानी भी तुम्हे देगा लेकिन सही समय आने पर। अगर तुम अभी उसका सम्मान नहीं करोगे तो कल जब तुम कप्तान बनोगे तो तुम्हारी टीम तुम्हारा सम्मान नहीं करेगी।'' श्रीधर ने कहा ,''विराट ने वह सलाह मानी और बाद में एक साल के भीतर वह सीमित ओवरों का कप्तान भी बना।'' उन्होंने शास्त्री को शानदार संचारक करार देते हुए कहा कि वह सीधी बात करते थे और हिचकिचाते नहीं थे। उन्होंने यह भी कहा कि टीम से बाहर होने वाले खिलाड़ी को सूचना देने का काम भी पूर्व कोच को ही करना पड़ता था। किताब का प्रकाशन रूपा ने किया है।

# आस्ट्रेलिया श्रृंखला से पहले फिटनेस साबित करने के लिये रणजी में वापसी को तैयार जडेजा



एजेंसी, भारतीय आल राउंडर रविंद्र जडेजा 24 जनवरी से चेन्नई में तमिलनाडु के खिलाफ शुरू होने वाले सौराष्ट्र के रणजी ट्राफी फाइनल राउंड में वापसी के लिये तैयार हैं। वह घुटने (दायें पैर के) की सर्जरी कराने के लिये पिछले साल सितंबर में एशिया कप से हट गये थे। जडेजा (34 वर्ष) इस समय राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में 'रिहैबिलिटेशन' की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं और उन्हें नौ फरवरी से नागपुर में आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली चार मैचों की श्रृंखला के पहले दो टेस्ट के लिये 17 सदस्यीय टीम में चुना गया है।


हालांकि उनकी उपलब्धता उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगी और जडेजा के फिट होने पर फैसला चार दिवसीय रणजी ट्राफी मैच के दौरान ही लिये जाने की संभावना है। सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) अध्यक्ष जयदेव शाह ने पीटीआई से कहा, ''अच्छा होगा, अगर वह सौराष्ट्र के लिये खेलता है। शायद वह खेलेगा, लेकिन मुझे इसके बारे में और जानकारी नहीं है। '' जडेजा ने 31 अगस्त को एशिया कप में हांगकांग के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के बाद कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। इससे पहले उनका प्रथम श्रेणी मैच पिछले साल जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन में एकमात्र टेस्ट मैच था। रिपोर्ट के अनुसार जडेजा ने इस हफ्ते के शुरू में गेंदबाजी और बल्लेबाजी करना शुरू कर दिया था क्योंकि वह एनसीए में अपना रिहैबिलिटेशन खत्म करने की ओर हैं। इस बायें हाथ के बल्लेबाज को भारतीय लाइन-अप में मध्यक्रम में पांचवें या छठे नंबर पर महत्वपूर्ण खिलाड़ी के तौर पर देखा जा रहा है, विशेषकर ऋषभ पंत की अनुपस्थिति में। साथ ही उनकी बायें हाथ की स्पिन भी चार मैचों की श्रृंखला में शीर्ष ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के साथ उपयोगी साबित हो सकती है। इस श्रृंखला से भारत का विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में फाइनल में लगातार दूसरी बार पहुंचना तय होगा। आस्ट्रेलिया के खिलाफ 2016-17 श्रृंखला में जडेजा ने अहम भूमिका अदा की थी जिसमें उन्हें 25 विकेट चटकाने और 127 रन बनाने के लिये 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया था जिससे भारत ने वापसी करते हुए 2-1 से यादगार जीत दर्ज की थी। जडेजा ने 2017 से 19 टेस्ट में 82 विकेट चटकाये हैं और बल्ले से 52.82 के औसत से 898 रन बनाये हैं जिसमें दो शतक और सात अर्धशतक शामिल हैं।

# हर हालात का डटकर मुकाबला करने वाली सशक्त खिलाड़ी सानिया मिर्जा


एजेंसी, नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय खेलों के नक्शे पर पहले पहल तिरंगे की छाप छोड़ने वाले खिलाड़ियों में बैडमिंटन में प्रकाश पादुकोण, टेनिस में अमृतराज बंधु, शतरंज में विश्वनाथन आनंद,बिलियर्ड्स में माइकल फरेरा, भारोत्तोलन में मल्लेश्वरी देवी, निशानेबाजी में अभिनव बिंद्रा, एथलेटिक्स में मिल्खा सिंह, पी.टी. ऊषा और भाला-फेंक में नीरज चोपड़ा का नाम सुनहरे हर्फों में दर्ज है। महिला टेनिस में सानिया मिर्जा का नाम इस कतार को आगे बढ़ाता है। सानिया मिर्जा ने हाल ही में टेनिस से संन्यास लेने का ऐलान किया है। उनका कहना है कि उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन से अपने ग्रैंड स्लैम करियर की शुरुआत की थी और इस साल वही उनका आखिरी ग्रैंड स्लैम होगा। फरवरी में होने वाला दुबई टेनिस टूर्नामेंट उनका अंतिम प्रफेशनल टेनिस टूर्नामेंट होगा और इसके साथ ही एक बेहतरीन खिलाड़ी के रूप में उनका 30 साल का टेनिस जीवन और 20 साल का प्रफेशनल करियर समाप्त हो जाएगा। एक समय ''खेलोगे कूदोगे होगे खराब, पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब'' जैसे मुहावरे गढ़ने वाले इस देश में पिछले कुछ दशक में ही खेलों की संस्कृति विकसित हुई है, लेकिन उसमें भी कई तरह की बंदिशें रहीं, खास तौर से लड़कियों के लिए यह क्षेत्र वर्जित ही बना रहा। ऐसे माहौल में तीन दशक पहले एक मुस्लिम परिवार की छह साल की बच्ची अपनी मां का हाथ पकड़े हैदराबाद के निजाम क्लब के टेनिस कोर्ट पहुंची तो पहले पहल तो कोच को भी लगा कि टेनिस खेलने के लिए वह बहुत छोटी है, लेकिन खेल के प्रति उसकी लगन और उसके सपनों की उड़ान उसकी उम्र से कहीं बड़ी थी। सानिया ने संन्यास का ऐलान करते हुए अपने ट्विटर हैंडल पर तीन पेज का एक पोस्ट लिखा है। इसमें उन्होंने अपनी सफलता के लिए अपने माता-पिता और बहन सहित पूरे परिवार, कोच, फिजियो और पूरी टीम का शुक्रिया अदा करते हुए लिखा है कि इन लोगों के सहयोग के बिना वह यहां तक नहीं पहुंच पातीं। उन्होंने लिखा है, ''इन तमाम लोगों का शुक्रिया, जो बुरे वक्त में मेरे साथ खड़े रहे। मैंने अपनी हंसी, आंसू, दर्द और खुशी इन तमाम लोगों के साथ साझा की है। आप सभी ने जीवन के कठिन दौर में मेरी मदद की है। आपने छह साल की एक बच्ची को न सिर्फ सपने देखने की हिम्मत दी, बल्कि उन्हें पूरा करने में मदद भी की।'' सानिया ने अपने पोस्ट में लिखा है, ''काफी विरोध के बावजूद मैंने ग्रैंड स्लैम खेलने और टेनिस के इस सर्वोच्च स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने का सपना देखा। अब जब मैं अपने करियर की तरफ मुड़कर देखती हूं तो मुझे लगता है कि मैंने न सिर्फ देश के लिए ग्रैंड स्लैम खेलने का अर्धशतक लगाया, बल्कि उनमें से कुछ जीतने में भी कामयाब रही। देश के लिए मेडल जीतना मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान रहा है। पोडियम पर खड़े होना और तिरंगे का सम्मान होते देखना मेरे लिए गर्व की बात रही है।'' सानिया का जन्म 15 नवंबर 1986 को मुंबई में हुआ। उनके पिता इमरान मिर्जा एक खेल संवाददाता थे तथा माँ नसीमा मुंबई में प्रिंटिंग व्यवसाय से जुड़ी एक कंपनी में काम करती थीं। कुछ समय बाद उनका परिवार हैदराबाद चला गया और छोटी बहन अनम के साथ सानिया का बचपन वहीं गुजरा। सानिया ने हैदराबाद के एन ए एस आर स्कूल में प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण करने के बाद हैदराबाद के ही सेंट मैरी कॉलेज से स्नातक स्तर की पढ़ाई की। उन्हें 11 दिसंबर 2008 को चेन्नई में एम जी आर शैक्षिक और अनुसंधान संस्थान द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की गई। वर्ष 1999 में विश्व जूनियर टेनिस चौम्पियनशिप से अपने अंतरराष्ट्रीय टेनिस करियर की शुरुआत करने वाली सानिया ने 18 वर्ष की छोटी सी उम्र में वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना ली थी। उनकी लोकप्रियता और सफलता को देखते हुए 2005 में उन्हें अर्जुन पुरस्कार प्रदान किया गया। 2005 में ही उन्हें टाइम पत्रिका ने एशिया की 50 सबसे प्रभावशाली हस्तियों में शुमार किया। 2006 में उन्हें पद्मश्री से नवाजा गया और वह यह सम्मान पाने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनीं। उन्हें 2006 में अमेरिका में विश्व की टेनिस की दिग्गज हस्तियों के बीच डब्लूटीए का मोस्ट इम्प्रेसिव न्यू कमर अवार्ड प्रदान किया गया। पारिवारिक जीवन की बात करें तो उनके पिता इमरान मिर्जा हैदराबाद सीनियर डिवीजन लीग के खिलाड़ी रह चुके हैं। सानिया के मामा फैयाज हैदराबाद रणजी टीम में विकेट कीपर रहे हैं। सानिया ने 12 अप्रैल 2010 को पाकिस्तान के मशहूर क्रिकेटर शोएब मलिक के साथ विवाह किया। हालांकि इस दौरान कई विवादों में भी उनका नाम शामिल रहा, लेकिन वह अपने फैसलों पर अडिग रहीं और उन्हें सही साबित किया।



# मकर संक्रांति पर कैसे शुरू हुई खिचड़ी खाने की परंपरा जानें इसका महत्व और लाभ







मकर संक्रांति का पर्व आने ही वाला है। इस दिन घर-घर में खिचड़ी बनायी जाती है। साथ ही खिचड़ी का ही दान भी किया जाता है। इस दिन जगह-जगह पर आपको कई स्टॉल्स भी दिख जाएंगे, जहां लोग खिचड़ी बांटते हैं। इस कारण मकर संक्रांति को खिचड़ी पर्व के नाम से भी जाना जाता है। लेकिन क्या आपको पता है कि आखिर इस दिन खिचड़ी क्यों बनाई और बांटी जाती है। कैसे इसका चलन शुरू हुआ? यहां जानिए इस बारे में....

**ये है मान्यता**

मकर संक्रांति के दिन खिचड़ी बनाने और इसके दान को लेकर बाबा गोरखनाथ की एक कथा प्रचलित है। कहा जाता है कि जब खिलजी ने आक्रमण किया था, तब चारों ओर हाहाकार मचा हुई थी। नाथ योगियों को युद्ध के दौरान भोजन बनाने का समय नहीं मिलता था। ऐसे में भोजन न मिलने से वे कमजोर होते जा रहे थे। उस समय बाबा गोरखनाथ ने दाल, चावल और सब्जियों को एक साथ मिलाकर पकाने की सलाह दी। ये आसानी से जल्ध्दी पक जाता था और इससे शरीर को पोषक तत्व भी मिल जाते थे और योगियों का पेट भी भर जाता था। बाबा गोरखनाथ ने इस व्यंजन का नाम खिचड़ी रखा।

**मकर संक्रति पर खिचड़ी का महत्व और लाभ**

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार मकर संक्रति के दिन जो खिचड़ी बनाई जाती है उसका संबंध किसी न किसी ग्रह से होता है। खिचड़ी में प्रयोग होने वाले चावल का संबंध चंद्रमा से, उड़द की दाल का शनि देव से, हल्दी का संबंध गुरु देव से और हरी सब्जियों का संबंध बुध देव से होता है। इसके अलावा घी का संबंध सूर्य देव से है। इसलिए मकर संक्रांति की खिचड़ी को बेहद खास माना जाता है।

**मकर संक्रांति पर खिचड़ी खाने के साथ ही दाने देने का भी है महत्व**

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मकर संक्रांति के दिन खिचड़ी खाने के साथ ही किसी ब्राह्मण को दान भी देना चाहिए। इस दिन उन्हें घर बुलाकर खिचड़ी खिलाएं और इसके बाद कच्ची दाल, हल्दी, नमक और हरी सब्जियां दान करें। कहा जाता है कि खिचड़ी खाने से सेहत बढ़ती है और सेहत अच्छी रहती हैं। इसके सेवन से रोगी दूर भागते हैं और व्यक्ति को ऊर्जा भी मिलती है।

# कब्ज का रामबाण इलाज है आंवला, इस तरह करें सेवन मिलेगा समस्या से आराम

शारीरिक रुप से एक्टिव न होने के कारण, कम फाइबर युक्त पदार्थ, तले-भुने, नमकीन और मसालेवाले फूड्स का सेवन करने के कारण आजकल कब्ज जैसी समस्या बढ़ती जा रही है। यदि पेट अच्छे से साफन हो तो शरीर में बैचेनी सी महसूस होती रहती है। इसके अलावा पेट में गैस, ब्लोटिंग, उल्टी, दस्त जैसी समस्याएं भी होने लगती हैं। एक्सपट्र्स के अनुसार, आप आंवले का सेवन कब्ज से राहत पाने के लिए कर सकते हैं। आइए जानते हैं आंवले का सेवन करने का तरीका...

**किस तरह कब्ज के लिए फ ायदेमंद हैं आंवला**

आंवला में डाइट्री फाइबर पाया जाता है जो आंतों की सफाई करने में मदद करता है। एक शोध के अनुसार, आंवला और उसके पाउडर का पानी पीने से कब्ज की समस्या से राहत मिलती है। यह दस्त की समस्या दूर करने के साथ-साथ पेट की कई समस्याएं जैसे एसिडिटी, ब्लोटिंग, मतली और उल्टी, अपच, हर्ट बर्न, कोलेस्ट्रॉल जैसी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए भी बहुत ही लाभदायक माना जाता है।

**किस तरह कर सकते हैं आप आंवले का सेवन**

जूस या उबालकर खाएं आवंला

आप रोज सुबह खाली पेट 2 आंवले गर्म पानी में उबालकर या फिर उबले हुए आंवले का सेवन कर सकते हैं। इसके अलावा आप आंवले का जूस बनाकर भी पी सकते हैं।

**गर्म पानी में मिलाएं आंवला पाउडर**

इसके अलावा आप सुबह खाली पेट गर्म पानी में आंवले का पाउडर उबालकर इसमें शहद मिलाएं। इस मिश्रण का भी आप सेवन कर सकते हैं। इससे आपको कब्ज की समस्या से राहत मिलेगी।

**शहद में मिलाकर खाएं आंवला**

दिन में 2-3 बार आप 1 चम्मच आंवला पाउडर में शहद मिलाकर इसका सेवन कर सकते हैं। इससे आपका पाचन तंत्र स्वस्थ रहेगा और आपको कब्ज जैसी समस्या से छुटकारा मिलेगा।





**इन परेशानियों में न करें आंवले का सेवन**

. यदि आपको सांस या फेफड़े से संबंधित समस्याएं है तो आंवले का सेवन न करें।

. अगर आपको आंवला खाने के बाद बार-बार टॉयलेट जाना पड़ रहा है तो भी इसका सेवन न करें।

. पानी में आंवला पाउडर खाने से किसी भी तरह की एलर्जी या खांसी होती है तो भी इसका सेवन न करें।

. यदि आपको आंवला खाकर किसी तरह की एलर्जी है तो डॉक्टर से पूछकर ही इसका सेवन न करें।

# शादी में दिखना है सुंदर तो लगाएं इन तरीकों से गजरा

गजरा एक ऐसी हेयर एसेसरी है जो हर महिला के बालों की खूबसूरती में चार चाँद लगा देता है। गजरा बहुत तरीको से कैरी किया जा सकता है। आप इसे किसी भी तरह से कैरी कर सकती हैं यह सुन्दर ही दिखाई देगा। आप चाहें इसे साड़ी के साथ इस्तेमाल करें या लहंगे के साथ यह किसी भी ट्रेडिशनल ड्रेस के साथ आसानी से मैच करते है। गजरा एक ऐसी हेयर एसेसरी है जो हर महिला के बालों की खूबसूरती में चार चाँद लगा देता है । गजरा बहुत तरीको से कैरी किया जा सकता है। आप इसे किसी भी तरह से कैरी कर सकती हैं यह सुन्दर ही दिखाई देगा। आप चाहें इसे साड़ी के साथ इस्तेमाल करें या लहंगे के साथ यह किसी भी ट्रेडिशनल ड्रेस के साथ आसानी से मैच करते हैं । आप इसे किसी जरी वर्क की साड़ी के साथ लगाएं या बनारसी साड़ी के साथ, यह आपको कॉम्प्लिमेंट करेगा। आज हम आपको गजरे को इस्तेमाल करने के कुछ ऐसे आसान टिप्स बता रहें है जो सिम्पल हेयर स्टाइल के साथ भी जचेंगे।

**गजरा विथ चोटी**

अगर आपके बाल लम्बे या मीडियम साईज के हैं और आप इनकी चोटी बनाने की सोच रही हैं तो गजरे की एक लेयर से चोटी को सजाएं फिर उसके ऊपर दूसरा लेयर लगाएं। यह शादी के हर फंक्शन के लिए ठीक रहेंगे।

**जालीदार गजरा विथ जूड़ा**

अगर आपके बाल ज्यादा लम्बे नहीं हैं तो आप बालों का जूड़ा बनाकर उसे जालीदार गजरे से सजा सकती हैं। इसे रंगबिरंगे फूलो के साथ डेकोरेट कर सकती हैं। लेकिन जूड़ा को बन से कवर करना मत भूलियेगा। यह आपको एलिगेंट बनाने के साथ ही आपको एक अलग लुक भी देगा।

**ओपन हेयर में साइड गजरा**

अगर आपके बाल फेदर कट में है और मीडियम लेंथ के हैं तो उनके लिए साइड गजरा सबसे बेस्ट रहेगा। कॉलेज गोइंग गर्ल्स को यह स्टाइल सबसे ज्यादा पसंद होती है। इसके लिए बालो को ओपन रखें और एक साइड गजरा अप्लाई करिये। यह हेयर स्टाइल आसानी से बन जाती है और देखने में भी गॉर्जियस लगता हैं। ये आपको आपकी सहेली की शादी में सबसे अलग लुक देगा।



**ओपन हेयर विथ गजरा**

अगर आप शादी में लहंगा पहन रहीं हैं तो ओपन हेयर में गजरा आपके लिए बेस्ट ऑप्शन है। इसमें आपको बालों को खुला छोड़ देना है और गजरे की एक पतली सी लेयर क्लिप की सहायता से बालों में लगाना है। लेकिन ध्यान रहें बाल अच्छे तरीके से ट्रिम किये हुए होने चाहिए।

**रोज वाला हाफगजरा**

आजकल मार्केट में गुलाब वाले गजरों की ज्यादा डिमांड है। यह बेहद खूबसूरत होते हैं। इस तरह का गजरा अप्लाई करने के लिए आप किसी भी तरह का जूड़ा बना लें और साइड में गजरा अप्लाई करिये।

# कड़ाके की ठण्ड और कोरोना के खतरे से बचाव के आसान उपाय

कड़ाके की ठण्ड में संक्रामक बीमारियों और कोरोना के खतरे से बचाव के लिए जरुरी है, स्ट्रांग इम्युनिटी और खुद की सुरक्षा। बेहतर इम्युनिटी के लिए हेल्दी डाइट, नियमित योगासन और मेडिटेशन को डेली रूटीन का हिस्सा बनायें। यह इम्युनिटी को बूस्ट करने में मददगार है, जिससे सामान्य संक्रमण और कोरोना के खतरे से बचा जा सकता है। सर्दियों में इम्युनिटी कमजोर होना आम बात है, इस मौसम में सर्दी-जुकाम और अन्य संक्रामक बीमारियां आसानी से अपनी गिरफ्त में ले लेती हैं। कड़ाके की ठण्ड के साथ ही कोरोना का खतरा भी अभी बना हुआ है, दोनों से खुद को सुरक्षित रखने के लिए हेल्थ से संबंधी कुछ आसान टिप्स अपनाकर आप इम्युनिटी बढ़ा सकते हैं। आइये जानते हैं इन उपायों के विषय में-

**गर्म पानी और गर्म पेय पदार्थों का सेवन**


गरम पानी पीने से सर्दी जुकाम और गले की खराश जैसी बीमारियां दूर रहती हैं, यह कोरोना संक्रमण से बचाव में भी सहायक है। ग्रीन टी, अदरक और दालचीनी का काढ़ा, हर्बल-टी, तुलसी, अदरक और काली मिर्च की चाय का संतुलित मात्रा में सेवन संक्रमण से बचाव में लाभदायक है।

**तुलसी स्टीम लें**

गरम पानी में तुलसी अर्क की कुछ बुँदे डालकर भाप लें, इससे आप मौसमी बीमारियों और कोरोना संक्रमण के खतरे से बचे रहेंगे। भाप सप्ताह में तीन से चार बार ले सकते हैं, यह सर्दी- जुकाम, खांसी और गले के इंफेक्शन में राहत देगा।

**मजबूत इम्युनिटी के लिए अपनाएं योगासन**

सर्दियों में नियमित वर्क आउट थोड़ा आलसभरा हो सकता है लेकिन यह आपको सामान्य बीमारियों के संक्रमण और कोरोना के खतरे से दूर रखने में मददगार है। स्ट्रांग इम्युनिटी के लिए पश्चिमोत्तासन, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम, उज्जाई प्राणायाम, पर्वतासन जैसे आसनों की सहायता ले सकते हैं।



इसके अलावा स्ट्रेचिंग, वॉकिंग करना भी लाभकारी होगा।

**हेल्दी डाइट अपनाएं**

स्ट्रांग इम्युनिटी के लिए पोषक तत्वों से भरपूर डाइट अपनाएं। भोजन की थाली में एक चौथाई हरी सब्जियां और मोटे अनाज शामिल करें। अधिक चिकनाई युक्त आहार से परहेज करें। विटामिन्स, एंटी ऑक्सीडेंट्स से भरपूर मौसमी फ्लों का सेवन प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूती प्रदान कर सकता है।

**भरपूर नींद लें**


अच्छी सेहत और बेहतर इम्युनिटी के लिए 7-8 घंटे की नींद लें। यह फिजिकल और मेन्टल रिलीफ प्रदान करने के साथ ही अवसाद जैसी परेशानी को दूर करने में मददगार है। भरपूर नींद आपके डाइजेस्टिव सिस्टम को दुरुस्त रखने के साथ ही दिनभर की थकान से राहत दिलाने में हेल्पफुल है।

**विटामिन सी से भरपूर फलों का सेवन**

मजबूत प्रतिरक्षा तंत्र के लिए विटामिन सी से भरपूर आहार लें, आँवला, नींबू, अमरुद ,संतरे जैसे खट्टे फ्लों का सेवन लाभदायक है।

# कुल्लू का अंतर्राष्ट्रीय दशहरा, जहां नहीं जलाया जाता रावण

हिमाचल प्रदेश की गोद में जब जब लोकउत्सव आयोजित होते हैं तब तब आम जनता अपने देवी देवताओं से भी मिलती है। कुल्लू घाटी में आयोजित होने वाले लोकोत्सवों का सरताज है कुल्लू दशहरा। यह विशाल लोकदेव समागम देश भर में दशहरा सम्पन्न होने के बाद आरम्भ होता है। दशहरा का विराट पर्व है। व्यास नदी के किनारे बसे शहर कुल्लू में ढोल, शहनाई, रणसिंघे बज रहे हैं। पर्वत शिखरों, घाटियों व पगडंडियों से रंगबिरंगी पालकियों व रथों में विराजे देवता, ऋषि, सिद्ध व नाग पधार रहे हैं। इस देव यात्रा में पीतल, तांबे, चांदी के वाद्य, रंग बिरंगे झंडे, चंवर व छत्र, विशेष चिन्ह, अनुभवी पुजारी, पुरोहित, गूर व कारदार सब शामिल हैं। हिमाचल प्रदेश की गोद में जब जब लोकउत्सव आयोजित होते हैं तब तब आम जनता अपने देवी देवताओं से भी मिलती है। कुल्लू घाटी में आयोजित होने वाले लोकोत्सवों का सरताज है कुल्लू दशहरा। यह विशाल लोकदेव समागम देश भर में दशहरा सम्पन्न होने के बाद आरम्भ होता है। शाही परिवार के सदस्य अभी भी सदियों पुरानी परम्पराएं निभाते हुए इस उत्सव में शामिल होते हैं तभी सन



1660 में पहली बार आयोजित हुए इस ऐतिहासिक उत्सव की आन, बान और शान अभी सलामत है। सत्रहवीं सदी में राजा मान सिंह ने उत्सव को व्यापारिक रंग दिया। आर्थिक कारणों से यह उत्सव तब शुरू होता था जब देश के निचले भागों में दशहरा सम्पन्न हो चुका हो ताकि ज्यादा व्यापारी शामिल हो सकें। तब यहां रूस, समरकंद, यारकंद, तिब्बत और चीन से भी व्यापारी आते थे। उत्सव में बिकने आए घोडों की दौड़ से लेकर शाही कैम्पों में अपने अपने ढंग का नाचगान खानपान होता रहता था। समय के साथ बदलाव आते रहे, कुछ लोकतंत्र व शासकतंत्र ने भी प्रयास किए। शहर के तीन मुख्य हिस्से रहे सुल्तानपुर, अखाडा बाजार व ढालपुर मैदान में मेले की खूब रौनक होती है। ढालपुर मैदान में लकडी से बने कलात्मक व आकर्षक सजे रथ में, फूलों के बीच आसन पर विराजे रघुनाथ की पावन सवारी को, मोटे मोटे रस्सों से खींचकर दशहरा की शुरूआत होती है। इससे पहले देवी देवता सुल्तानपुर में स्थित रघुनाथजी के मंदिर में माथा टेक, राजमहल में जाते हैं। सुल्तानपुर में रघुनाथजी को पालकी में सुसज्जित कर देव समुदाय व गाजेबाजे के साथ ढालपुर लाया जाता है। रथ में बिठाकर विधिपूर्वक पूजाअर्चना की जाती है। राज परिवार के सदस्य शाही वेशभूषा में छड़ी लेकर उपस्थित रहते हैं। आसपास अनेक देवी देवता शोभायमान रहते हैं। सैंकड़ों यशस्वी कैमरे विभिन्न जगहों से इस अविस्मरणीय घटनाक्रम को संचित कर रहे होते हैं। हर श्रद्धालु चाहता है रथ खींचे, मगर ऐसा कहां होता है।

यह उत्सव आज भी क्षेत्रवासियों के लिए अपने देवताओं से मिलने का खास अवसर है। आयोजन में देवनृत्य होता है तो श्रद्धालु भी देर रात तक उनके साथ नृत्य मगन रहते हैं। देव गूर के माध्यम से भविष्यवाणी करते हैं। भक्त मनौतियां करते हैं। दिलचस्प है, इस आयोजन में रावण, मेघनाद व कुम्भकरण के पुतले नहीं जलाए जाते। दशहरा के अंतिम दिन लंका दहन जरूर होता है। निश्चित समय पर रघुनाथजी मैदान के निचले हिस्से में नदी किनारे ग्रामीणों द्वारा बनाई लकड़ी की सांकेतिक लंका को जलाने जाते हैं। शाही परिवार की कुलदेवी होने के नाते देवी हिडिम्बा भी यहां विराजमान रहती हैं। परम्पराएं ऐसी हैं कि कई देवता व्यास नदी लांघे बिना इस देव समारोह का हिस्सा बनते हैं। कभी इस समागम में देव शिरोमणि श्री रघुनाथजी के पास हाजिरी देने पूरे तीन सौ पैंसठ देवीदेवता पधारते थे, अब यह संख्या कम रह गई है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा पर्व 5 अक्तूबर से 11 अक्तूबर तक आयोजित होगा। कल्लू घाटी व देश प्रदेश के अन्य इलाकों से आने वाले लोक कलाकार अपना सांस्कृतिक रंग बिखेरेंगे। हर बरस की मानिंद आमंत्रित देवीदेवताओं को सरकार नजराना पेश करेगी।

# डाइट में शामिल करें ये चीजें, मांसपेशियों में दर्द और हर वक़्त थकान की समस्या होगी दूर, बार-बार नहीं होंगे बीमार

विटामिन डी की कमी से सिर्फ हड्डियां ही कमजोर नहीं होतीं, बल्कि मसल ?स पेन, थकान और बालों का झड़ना जैसी समस्याएं भी शुरू हो जाती हैं. विटामिन डी की कमी से सिर्फ हड्डियां ही कमजोर नहीं होतीं, बल्कि मसल्स पेन, थकान और बालों का झड़ना जैसी समस्याएं भी शुरू हो जाती हैं. विटामिन डी के तीन प्रकार डी1, डी2 यानी एग्रो कैल्सीफेरॉल, डी 3 यानी कॉले कैल्सिफेरॉल होते हैं. विटामिन डी की ज्यादा कमी होने पर दिल से जुड़ी बीमारियों और कैंसी का खतरा भी बढ़ जाता है. अगर आपको लगातार थकान महसूस होती रहती है या हड्डियों, मांसपेशियों में दर्द रहता है या जल्दी-जल्दी बीमार होते हैं तो आपको विटामिन डी की कमी की समस ?या हो सकती है. वहीं, बालों का झड़ना या ग्रोथ कम होना भी विटामिन डी की कमी के लक्षण हैं. विटामिन डी फैट सोल्यूबल विटामिन है, जो शरीर के लिए बहुत जरूरी होता है. विटामिन डी शरीर के लिए जरूरी कैल्शियम बनाए रखता है. इससे हड्डियां मजबूत बनी रहती हैं. आइए जानते हैं कि विटामिन डी कितने प्रकार के होते हैं? इसकी कमी से कौन-सी बामारियां हो सकती हैं? इसको पूरा करने के लिए क्या खाना चाहिए? विटामिन डी फैट सॉल्यूबल होता है. ये तीन डी1, डी2 यानी एग्रो कैल्सीफेरॉल और तीसरा विटामिन डी 3 यानी कॉले कैल्सिफेरॉल प्रकार का होता है. विटामिन डी की कमी से हमारी हड्डियां कमजोर हो जाती हैं. ये विटामिन कैल्शियम, मैग्नीशियम और फॉस्फेट को आंतों के जरिये शरीर में पहुंचाने में मदद करता है. विटामिन डी2 हमारे शरीर में नहीं बनता है. इसे पौधों से पाया जा सकता है. पौधे डी2 का उत्पादन सूरज की अलट्रा-बायलेट रेज की मदद से करते हैं. हमारी शरीर में विटामिन डी3 का उत्पादन होता है. इसके लिए हमारा सूरज की रोशनी में बैठना जरूरी होता है.

**विटामिन डी की कमी के चलते हो सकता है कैंसर**

विटामिन-डी की कमी से सबसे ज्यादा असर हड्डियों पर पड़ता है. वहीं, शरीर की इम्युनिटी पर भी बुरा असर होता है. ज्यादा कमी होने पर दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा भी रहता है. इस विटामिन की कमी से ऑटोइम्यून और न्यूरोलॉजिकल बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है. विटामिन डी इंफेक्शन से लड़ने में भी मदद करता है. अगर विटामिन डी की कमी हो जाए तो ब्रेस्ट, प्रोस्टेट और कोलोन कैंसर का कारण बन सकती है. यही नहीं, आप बार-बार बीमार भी पड़ सकते हैं. दरअसल, विटामिन-डी की कमी होने पर शरीर की कई तरह के वायरस से लड़ने की क्षमता कम हो जाती है.

**बालों की ग्रोथ कम होना और झड़ना भी है लक्षण**

अगर आपके बाल ज्यादा झड़ रहे हैं या बालों की ग्रोथ काफी धीमी है तो तुरंत जांच कराएं. आपको विटामिन डी की कमी हो सकती है. शरीर में विटामिन-डी की पर्याप्त मात्रा नहीं होने से त्वचा पर लाल निशान या त्वचा पर झुर्रियों जैसी समस्याएं हो सकती हैं. विटामिन-डी की कमी से ऑस्टियोपोरोसिस, हड्डियों में दर्द, मांसपेशियों का फड़कना, मांसपेशियों का कमजोर होना, और जोड़ों में अकड़न महसूस हो सकती है. धूप में कम निकलने वाले लोगों में विटामिन डी की कमी के आसार बढ़ जाते है. महिलाओं, बुजुर्गों, गहरे रंग की त्वचा वालों, मोटे लोगों में विटामिन डी की कमी का खतरा बढ़ जाता है.


**रोज कितने विटामिन डी की होती है जरूरत?**

वेबएमडी के मुताबिक, नवजात और बच्चों को हर रोज 10 माइक्रोग्राम विटामिन डी की जरूरत पड़ती है. वहीं, बड़ों को हर दिन 15 माइक्रोग्राम विटामिन डी की जरूरत होती है. इसके अलावा 70 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को हर दिन 20 माइक्रोग्राम जरूरत पड़ती है.









स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक विद्यावती दूबे द्वारा बी डी प्रिन्टींग प्रेस गणेशपुर, रहमानपुर निकट रघुनन्दन आशियाना फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ से मुद्रित तथा- C 3/76, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित । मो0 9450615356, फोन नं. 0522- 4102634